राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14

अंक : 258

पृष्ठ : 08

गौतमबुद्धनगर

मंगलवार 12 अगस्त 2025

मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 सात महीने में 98 हजार लोगों को स्ट्रीट डॉग्स ने काटा

पेज 4 यूपी के फतेहपुर में मकबरे पर भगवा लहराया, बवाल-पथराव

पेज 6 फिटनेस टेस्ट के लिए एनसीए पहुंचे पंड्या सेंटर, पास होने पर

# वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ विपक्ष का मार्च

## राहुल-प्रियंका,अखिलेश को हिरासत में लिया, 2 घंटे बाद छोड़ा; प्रदर्शन के दौरान 2 महिला सांसद बेहोश हुई

**नई दिल्ली।** वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला।

इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उन्हें संसद मार्ग पुलिस स्टेशन ले गई, जहां से 2 घंटे बाद रिहा कर दिया गया। हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। ये



एक व्यक्ति-एक वोट की लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है। मार्च के दौरान अखिलेश ने बैरिकेडिंग फांदकर आगे बढ़ने की कोशिश की। जब सांसदों को आगे नहीं जाने दिया गया तो वे जमीन पर बैठ गए। प्रियंका,



डिंपल समेत कई सांसद वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाते दिखे। प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की तबीयत बिगड़ गई। बेहोश हो गईं। राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने उनकी मदद की। इससे पहले दोनों सदनों में इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ।

### राहुल बोले- चुनाव आयोग का डेटा फटेगा

ये चुनाव आयोग का डेटा है, मेरा डेटा थोड़ी है जो मैं साइन करूं। हमने आपको (आयोग) ही दिया है, आप अपनी वेबसाइट पर डाल दीजिए, सबको पता लग जाएगा। ये सिर्फ बेंगलुरु में नहीं, देश के अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ है। चुनाव आयोग जानता है कि उसका डेटा फटेगा, इसलिए उसे कंट्रोल करने और छिपाने की कोशिश हो रही है।

### दिल्ली पुलिस बोली- सांसदों ने मार्च के लिए अनुमति नहीं मांगी

मार्च संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ। सांसदों के हाथों में वोट बचाओ के बैनर थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इंडिया ब्लॉक ने मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं मांगी है, इसलिए इलेक्शन कमीशन जाने से पहले ही मार्च को परिवहन भवन के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### लद्दाख में कार पर पत्थर गिरा, 6 की मौत

लद्दाख। लद्दाख के सरचू इलाके में मनाली-लेह हाईवे पर सोमवार को सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। एक्सीडेंट के बाद सेना ने मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार दिया था। फिर इन्हें एयरलिफ्ट करके लेह ले जाया गया था। इलाज के दौरान सभी घायलों की मौत हो गई है। दरअसल, लेह-लद्दाख रोड पर अचानक पहाड़ी से एक बड़ा पत्थर लुढ़ककर कार से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का संतुलन बिगड़ गया और वह दूसरी तरफ पहाड़ी से जा टकराई। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार को बस सड़क से फिसलकर नीचे चली गई, जिसमें सवार 26 यात्री घायल हो गए।

### बैंक से 14 करोड़ का सोना, 5 लाख कैश लूटा

**जबलपुर।** जबलपुर से 50 किलोमीटर दूर खितौला इलाके में हथियारबंद बदमाशों ने सोमवार सुबह करीब 9 बजे बैंक लूट लिया। लुटेरों ने बैंक कर्मचारियों को कट्टा दिखाकर धमकाया। फिर 15 मिनट में 14 किलो 800 ग्राम सोना और 5 लाख 70 हजार रुपए नकद लेकर भाग निकले। लूटे गए सोने की अनुमानित कीमत साढ़े 14 करोड़ से ज्यादा आंकी गई है। पुलिस ने जिले में नाकाबंदी कर दी है। पूरे जबलपुर सहित कटनी, मंडला, डिंडोरी पुलिस को अलर्ट किया गया है। जबलपुर पुलिस के मुताबिक, वारदात इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की है। यहां छह युवक तीन बाइकों पर सवार होकर आए।

### गणेश चतुर्थी



मुंबई में आगामी गणेश चतुर्थी उत्सव के लिए लोग भगवान गणेश की मूर्तियों को पंडालों में ले जाते हुए।

# एक बाइक पर 6 लोग, 5 की मौत

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती में भीषण सड़क हादसे में मासूम समेत 5 लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली से जुड़ी मिक्सर ने बाइक सवार 6 लोगों को कुचल दिया।

हादसा हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के रहमतू गांव के पास की है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को हॉस्पिटल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने पिता-पुत्र समेत 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में गंभीर घायल बाइक सवार महिला को हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। सोमवार को पति-पत्नी अपनी बहन, दो भांजी और बेटे के साथ बाइक से शंकरपुर से नवाबगंज की ओर जा रहे थे।

रहमतू गांव के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। सभी लोग सड़क पर गिर गए। ट्रैक्टर सबको कुचलते हुए बेकाबू होकर पलट गया। जिससे ट्रैक्टर का ड्राइवर भी घायल हो गया।

# दिल्ली-एनसीआर में कुत्तों को पकड़कर नसबंदी करें

## इन्हें शेल्टर होम में रखा जाए, इसके बीच में आने वालों पर कार्रवाई होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली और एनसीआर के नगर निकायों को निर्देश दिया है कि आवारा कुत्तों को तुरंत पकड़कर नसबंदी करें और उन्हें स्थायी रूप से शेल्टर होम में रखें। कोर्ट ने कहा, इस काम में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी और अगर कोई व्यक्ति या संगठन इसके बीच में आया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि दिल्ली, एमसीडी और एनएमडीसी जल्द से जल्द सभी इलाकों, खासकर संवेदनशील क्षेत्रों से कुत्ते उठाएं। जरूरत हो तो इसके लिए अलग बल बनाएं।

दरअसल, कोर्ट ने 28 जुलाई को खुद नोटिस लेते हुए यह मामला उठाया था, जब संसद में पेश एक रिपोर्ट में दिल्ली-एनसीआर में रेबीज के बढ़ते मामलों और बच्चों व बुजुर्गों की मौत पर चिंता जताई गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट के 5 अहम आदेश

8 हफ्तों में पर्याप्त स्टाफ और सीसीटीवी के साथ डॉग शेल्टर बनाएं। नसबंदी के बाद कुत्तों को न छोड़ें।

6 हफ्तों में 5,000 कुत्तों को पकड़ने का अभियान शुरू करें। संवेदनशील इलाकों से शुरुआत करें, बाधा डालने वालों पर कार्रवाई करें।

दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में रोजाना पकड़े गए कुत्तों का रिकॉर्ड रखें, नियम तोड़ने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

एक हफ्ते में डॉग बाइट और रेबीज के लिए हेल्पलाइन बनाएं। 4 घंटे में कार्रवाई कर कुत्ते को नसबंदी के बाद न छोड़ें।

रेबीज वैक्सीन का पूरा स्टॉक और उपलब्धता की रिपोर्ट दें।



# राहुल के बयान का विरोध करने वाले मंत्री का इस्तीफा

## राजन्ना ने कहा था- वोटर लिस्ट गड़बड़ी कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की नाकामी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने सोमवार को कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर अपनी ही पार्टी को घेरने वाले बयान के बाद पद छोड़ने को कहा था।

राजन्ना का इस्तीफा ऐसे समय में आया है, जब कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर



वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों के आरोप लगाए हैं। दिल्ली में विपक्ष के 300 सांसदों ने संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला।

राजन्ना ने रविवार को अपनी ही पार्टी पर आरोप लगाते हुए तुमकुरु में पत्रकारों से कहा, मतदाता सूची तब बनाई गई थी, जब कर्नाटक में पार्टी सत्ता में थी। तब उन्होंने इस पर आंखे क्यों मूंद लीं। अगर हमारी आंखों के सामने गड़बड़ियां हुईं और हमने तब आपत्ति नहीं जताई, तो आज शिकायत करने का क्या औचित्य है।

उन्होंने कहा था कि एक व्यक्ति का नाम तीन जगह दर्ज था और कम आबादी वाले इलाकों में संदिग्ध नाम जोड़े गए। ये सब हमारी आंखों के सामने हुआ, लेकिन निगरानी नहीं की गई। ये पार्टी की नाकामी है।

## हैप्पी मॉर्निंग



दामाद अपने ससुराल में गुरुजी का प्रवचन सुनने गया गुरुजी बोले- जो स्वर्ग जाना चाहता है, वह अपना हाथ ऊपर करो उसकी सास और बीवी ने हाथ उठाया, मगर दामाद ने नहीं उठाया गुरुजी ने दामाद से पूछा - क्या तुम स्वर्ग नहीं जाना चाहते? दामाद- बस ये दोनों चली जाएं तो मेरे लिए यहीं स्वर्ग बन जाएगा.....



## शायरी

बेद पढ़ई पंडित बन्यो, गांठ पन्ही तउ चमार।
रैदास मानुष इक हइ, नाम धरै हइ चार॥

# बिहार के 7 जिलों में बाढ़, 10 लाख लोग प्रभावित

## हिमाचल में 360 से ज्यादा सड़कें बंद, उत्तराखंड में 1000 लोगों का रेस्क्यू

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश-बिहार में तेज बारिश के कारण बाढ़ के हालात हैं। बिहार के 7 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। 10 लाख लोग प्रभावित हैं। गंगा समेत बिहार की 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। पटना जिले की 24 पंचायतें भी बाढ़ से घिरी हैं। उत्तर प्रदेश में भी लगातार बारिश से नदियां-नाले उफान पर हैं। मुरादाबाद में रामगंगा नदी उफान पर है। रविवार को एक बाइक सवार इसमें बह गया और फिर 22 घंटे तक एक पेड़ पर बैठा रहा। बाद में उसका रेस्क्यू हुआ। पिछले 24 घंटे में यूपी के 54 जिलों में 5.9 मिमी बारिश हुई। मध्य प्रदेश में बीते कुछ दिनों से बारिश बंद थी। पिछले दो दिन से मौसम में बदलाव हुआ है। बंगाल की



खाड़ी में 13 अगस्त से लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) एक्टिव होगा। इससे पूरे प्रदेश में फिर से तेज बारिश का दौर शुरू होगा। अभी कुछ ही जिलों में बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश के हुई लैंडस्लाइड के बाद एनएच-305 का औट-सैंज मार्ग बंद हैं। राज्य की 360 से ज्यादा सड़कों पर यातायात बाधित है। मानसून से जुड़ी घटनाओं में इस सीजन अब तक 116 लोगों की मौत हो चुकी है। 37 लोग अभी भी लापता हैं।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में रविवार को 20 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू करके मातली हेलीपैड लाया गया। धराली और हर्षिल में लोगों को भोजन-पानी पहुंचाया जा रहा है। यहां रेस्क्यू जारी है। लोगों को तलाशा जा रहा है। अब तक 1 हजार लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है।

# महाराष्ट्र में पिकअप खाई में गिरी, 6 महिलाओं की मौत

## 22 से ज्यादा घायल; सभी श्रद्धालु कुंडेश्वर मंदिर जा रहे थे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे के पास खेड़ तालुका में सावन सोमवार पर कुंडेश्वर मंदिर दर्शन के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप जीप खाई में गिर गई। घटना में 6 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 22 से ज्यादा महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब घुमावदार घाट पर ड्राइवर ने वाहन से कंट्रोल खो दिया और पिकअप पैठ-कोहिंडे बॉर्डर के नागमोड़ी घाट पर 25-30 फीट गहरी खाई में गिर गई।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। पिंपरी चिंचवड़ पुलिस के डीसीपी शिवाजी पवार ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा- महाराष्ट्र के पुणे में हुई एक दुर्घटना में जान-माल की हानि से दुखी हूं। इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से सभी मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### पिकअप में क्षमता से अधिक श्रद्धालु सवार थे

जानकारी के मुताबिक, पिकअप में करीब 30 महिलाएं और बच्चे सवार थे। क्षमता से अधिक श्रद्धालु बैहोने के कारण पिकअप का बैलेंस बिगड़ गया। सावन माह के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। प्रशासन ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को चंदौली के ग्रामीण अस्पताल और आसपास के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
80,604.08
+746.29 (0.93%)
निफ्टी:
24,585.05
+221.75

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 28 डिग्री से0 |
| सूर्योदय बुधवार | : | 5 : 49 |
| सूर्यास्त मंगलवार | : | 7 : 03 |

# कानपुर में डबल मर्डर के आरोपी ने किया सुसाइड

## सतना के होटल में लगाई फांसी; लिखा- किन्नर काजल और उसका भाई ब्लैकमेल करते थे

**सतना/कानपुर।** यूपी के कानपुर में किन्नर काजल और उसके 12 साल के ममेरे भाई देव की हत्या कर फरार हुए आरोपी ने सोमवार को मध्यप्रदेश में आकर सुसाइड कर लिया। सतना के एक होटल में वह पर्दे से बने फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान आकाश विश्वकर्मा (30) निवासी कानपुर के रूप में हुई है। सतना एसपी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि कानपुर पुलिस को आकाश विश्वकर्मा के



सुसाइड की जानकारी दे दी गई है। यूपी पुलिस अब पूरे मामले की जांच करेगी। कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी ने बताया कि आकाश के पैंट की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने लिखा है कि मैं कानपुर में 2 लोगों की हत्या करके आया हूं। दोनों भाई-बहन मुझे प्रताड़ित कर ब्लैकमेल कर रहे थे। मैं अपनी इच्छा से मर रहा हूं।

### सड़क हादसा

## ड्राइवर ने कंट्रोल खोया, निर्माणाधीन मकान में जा घुसी गाड़ी; 5 गंभीर घायल

# बाइक को टक्कर मारकर पलटी स्कॉर्पियो, 5 की मौत

**अनूपपुर।** अनूपपुर में एक स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद पलटी खाते हुए निर्माणाधीन मकान में घुस गई। गाड़ी इतनी रफ्तार से पलटते हुए गई की आगे का कांच टूट गया, जिससे निकलकर दो युवक बाहर गिर गए। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। दो शवों का पोस्टमार्टम कोतमा और तीन का बीजरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है।

5 गंभीर घायल हैं, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में भर्ती कराया गया है। एक्सीडेंट सोमवार सुबह करीब 10 बजे रामनगर थाना क्षेत्र के



रेऊंदा गांव में हुआ। स्कॉर्पियो सवार अनूपपुर के कोतमा से बेलिया जा रहे थे। मृतकों में से चार स्कॉर्पियो जबकि एक बाइक सवार शामिल है।

### हादसे में इनकी गई जान

शुभम पिता राकेश चौधरी (19) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर

राहुल पिता तीरथ केवट (19) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर

सौरभ प्रधान पिता हुकुमचंद प्रधान (18) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर

पुष्पेंद्र घसिया निवासी छौहरी, अनूपपुर

बाइक सवार अमित चौधरी निवासी उड़तान, अनूपपुर

### स्कॉर्पियो सवार ये घायल

आशीष केवट पिता भोला केवट (18) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर

अमलेंद्र सिंह (20) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर

विकास सिंह पिता चरकू सिंह (20) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर

गुड्डा (19) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर

भेलन उर्फ छोहरी पिता सूरज (19) निवासी बेलिया छोट, अनूपपुर

### कोतमा से झिरिया टोला जा रहे थे स्कॉर्पियो सवार

टीआई कौशिक ने कहा- स्कॉर्पियो सवार लोग कोतमा से झिरिया टोला की तरह आ रहे थे। वहीं, बाइक सवार युवक झिरिया टोला से कोतमा की ओर जा रहा था। नेशनल हाईवे 43 पर झिरिया टोला के पास स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई। बाइक को टक्कर मार दी, फिर निर्माणाधीन मकान में जा घुसी। मकान में कोई मौजूद नहीं था।

# संपादकीय

## 'लोकतंत्र में सवाल पूछना अपराध कब से हो गया?'

अगर सब ठीक है तो डर कैसा? और अगर डर है, तो मान लो — सब ठीक नहीं है।
लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताक़त चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता है।
लेकिन जब इस पारदर्शिता पर सवाल उठते ही सत्ता में बैठे लोग बौखला जाएँ — तो समझ लीजिए, कहीं न कहीं चुनावी खेल में गड़बड़ ज़रूर है।
राहुल गांधी की एक मांग — डिजिटल वोटर लिस्ट — बहस का केंद्र है।
सीधा सवाल है — अगर वोटर लिस्ट को डिजिटल और पारदर्शी बनाना जनता के हक़ में है, तो फिर इतनी बेचैनी क्यों?

जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने जो तथ्य पेश किए — एक नजर में :

- महादेवपुरा (बैंगलोर सेंट्रल) में एक स्वतंत्र जांच के मुताबिक 1,00,250 से अधिक फर्जी मतदाता पंजीकृत थे।
- एक छोटे से घर में 80 मतदाता एक ही पते पर रजिस्टर्ड — जो बहुत ही असामान्य और संदिग्ध है। ?
- महाकाल (Maharashtra & Haryana) में बड़े पैमाने पर मतदाता सूची में विचित्र बदलाव — जैसे महाराष्ट्र में लगभग 40 लाख रहस्यमय मतदाता सूची में शामिल। ?
- निर्वाचन आयोग से पारदर्शिता की मांग, यानी मशीन-रीडेबल डिजिटल वोटर लिस्ट जारी करनी चाहिए ताकि जनता और पार्टियां स्वयं 'ऑडिट' कर सकें। ?
- "Vote Chori" अभियान की शुरुआत : एक वेबसाइट (votechori.in/ecdemand) और मिस्ड कॉल नंबर के माध्यम से जनता को जोड़ने की पहल, ताकि लोग वोट चोरी की शिकायत दर्ज कर सकें। ?

### धुआँ बीजेपी से क्यों उठता है?

जैसे ही राहुल गांधी ने यह प्रेस कॉन्फ्रेंस और अभियान शुरू किया — बीजेपी आईटी सेल और 'भक्त ब्रिगेड' ने तुरंत शोर मचाया
- 'ये कांग्रेस का प्रपंच है'
- 'राहुल बहाना बना रहे हैं'
- 'वोटर लिस्ट पहले से पारदर्शी है'

### अगर सब पारदर्शी है तो डर कैसा?

या फिर डर इस बात से कि डिजिटल वोटर लिस्ट आने पर 'वोट चोरी' की दुकान बंद हो जाएगी?

### तथ्य गवाही दे रहे हैं

- तेलंगाना 2018 — चुनाव से पहले 30 लाख वोटर्स के नाम गायब पाए गए थे।
- दिल्ली 2015 — एक ही व्यक्ति का नाम अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में दर्ज।
- महाराष्ट्र 2019 — लाखों नाम आखिरी समय में हटा दिए गए।

आज जब आधार, पैन और बैंकिंग डेटा सेकंडों में लिंक हो सकते हैं, तो वोटर लिस्ट अपडेट करना रॉकेट साइंस कैसे हो गया?

### डिजिटल वोटर लिस्ट — जनता का हक़

- हर नागरिक अपना नाम, फोटो, और मतदान केंद्र ऑनलाइन देख सके।
- बदलाव और शिकायत ऑनलाइन दर्ज कर सके।

अगर इससे किसी को डर है — तो समझ लीजिए मामला सीधा वोट चोरी से जुड़ा है।

### सवाल पूछो तो 'देशद्रोही'

मैंने इस मुहिम का समर्थन किया, तो एक भक्त ने तुरंत कह दिया — 'चोरों की जमात में शामिल हो गए!'
यानी,
- पारदर्शिता मांगो = पार्टी एजेंट
- सवाल उठाओ = देशद्रोही
- विपक्ष के सही कदम का समर्थन करो = गद्दार

इनके लिए पार्टी ही देश है, और नेता ही संविधान।
बाकी जनता? बस तालियाँ बजाने के लिए।

### निष्कर्ष

सवाल पूछना लोकतंत्र मे अपराध नहीं — बल्कि कर्तव्य है।
राहुल गांधी की यह मांग कांग्रेस की नहीं, हर उस नागरिक की है जो चाहता है कि उसका वोट चोरी न हो।
जब सवाल चुनाव आयोग से हो, प्रेस कॉन्फ्रेंस में ठोस तथ्य हों, और धुआँ बीजेपी से उठे — तो सच खुद-ब-खुद सामने आ जाता है।




अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस, 12 अगस्त 2025 पर विशेष

# युवा: वर्तमान की क्रांति एवं शांति के वाहक

ललित गर्ग



अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस केवल एक कैलेंडर की तारीख नहीं है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि आज की दुनिया में परिवर्तन का सबसे बड़ा वाहक युवा हैं। यह दिन संयुक्त राष्ट्र ने युवाओं के अधिकार, अवसर और योगदान को मान्यता देने के लिए तय किया है, लेकिन इसकी वास्तविक सार्थकता तभी है जब हम युवाओं को केवल 'भविष्य के नेता' कहकर टालें नहीं, बल्कि उन्हें वर्तमान का निर्णायक शक्ति केंद्र मानें। आज भारत की आबादी में लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम उम्र का है। यह केवल सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि संभावनाओं का महासागर है। लेकिन इन संभावनाओं को दिशा देने के लिए केवल शिक्षा या नौकरी पर्याप्त नहीं; दृष्टि, मूल्यों और संकल्प की भी उतनी ही आवश्यकता है। क्योंकि युवा क्रांति का प्रतीक है, ऊर्जा का स्रोत है, इस क्रांति एवं ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक एवं सृजनात्मक हो, इसी ध्येय से सारी दुनिया प्रतिवर्ष में सन् 2000 में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन आरम्भ किया गया था। यह दिवस मनाने का मतलब है कि युवाशक्ति का उपयोग विध्वंस में न होकर निर्माण में हो। युवा, शांति और सुरक्षा पर सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव 2250 (9 दिसंबर 2015) शांति को बढ़ावा देने और उग्रवाद का मुकाबला करने में युवा शांति निर्माताओं को शामिल करने की तत्काल आवश्यकता की अभूतपूर्व स्वीकृति का प्रतिनिधित्व करता है, और स्पष्ट रूप से युवाओं को वैश्विक प्रयासों में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थान देता है।

स्वामी विवेकानंद का आह्वान आज भी गूंजता है- 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।' इस अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर हमें न केवल युवाओं की सराहना करनी है, बल्कि उन्हें जिम्मेदारी सौंपनी है, क्योंकि वे सिर्फ कल के नहीं, बल्कि आज के भी निर्माता हैं। स्वामी विवेकानन्द ने भारत के नवनिर्माण के लिये मात्र सौ युवकों की अपेक्षा की थी। क्योंकि वे जानते थे कि युवा 'विजनरी' होते हैं और उनका विजन दूरगामी एवं बुनियादी होता है। उनमें नव निर्माण करने की क्षमता होती है। नया भारत निर्मित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी युवाशक्ति को आगे लाना होगा। युवा किसी भी देश का वर्तमान और भविष्य हैं। वो देश की नींव हैं, जिस पर देश की प्रगति और विकास निर्भर करता है। लेकिन आज भी बहुत से ऐसे विकसित और विकासशील राष्ट्र हैं, जहाँ नौजवान ऊर्जा व्यर्थ हो रही है। कई देशों में शिक्षा के लिए जरूरी आधारभूत संरचना की कमी है तो कहीं प्रछन्न बेरोजगारी जैसे हालात हैं। युवा अनेक विसंगतियों एवं बुराइयों से घिरे हैं।

युवाओं में जोश होता है, लेकिन बिना दिशा का जोश आग भी लगा सकता है और दीपक भी जला सकता है। यह चुनाव हमारे हाथ में हैकृहम उन्हें सृजनशील बदलाव के शिल्पी बनाते हैं या अराजकता के उपकरण। महात्मा गांधी ने कहा थाकृष्आप वह बदलाव बनें जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।' युवा इस वाक्य को केवल नारा न बनाएं, बल्कि अपने जीवन का सूत्रवाक्य बनाएं। आज के युवा के सामने बेरोजगारी, मानसिक तनाव, नशे की लत, डिजिटल व्यसन, और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियां हैं। लेकिन इन्हीं के बीच नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति, डिजिटल क्रांति, और वैश्विक मंच पर पहचान बनाने के अनगिनत अवसर भी हैं। जरूरत है- आत्मनिर्भर सोच की, नैतिकता आधारित नेतृत्व की और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता की। जब जलवायु परिवर्तन, शांति स्थापना, मानवाधिकार, और वैश्विक न्याय जैसे मुद्दों की बात आती है, तो दुनिया युवाओं की आवाज सुनना चाहती है। स्वीडन की ग्रेटा थनबर्ग से लेकर भारत के अनगिनत सामाजिक नवप्रवर्तकों तक-युवा यह साबित कर रहे हैं कि उम्र कोई बाधा नहीं, दृष्टि और साहस ही असली पूंजी है।

युवाओं के हाथ में केवल भविष्य की मशाल नहीं, बल्कि वर्तमान की बागडोर भी है। अगर वे खुद को केवल दर्शक बनाकर रखेंगे, तो इतिहास उनके बिना आगे बढ़ जाएगा। लेकिन अगर वे सक्रिय भागीदारी करेंगे, तो इतिहास उन्हें अपने पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज करेगा।

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाते हुए मूल प्रश्न है कि क्या हमारे आज के नौजवान भारत को एक सक्षम देश बनाने का स्वप्न देखते हैं? या कि हमारी वर्तमान युवा पीढ़ी केवल उपभोक्तावादी संस्कृति से जन्मी आत्मकेन्द्रित पीढ़ी है? दोनों में से सच क्या है? दरअसल हमारी युवा पीढ़ी महज स्वप्नजीवी पीढ़ी नहीं है, वह रोज यथार्थ से जूझती है, उसके सामने भ्रष्टाचार, आरक्षण का बिगड़ता स्वरूप, महंगी होती जाती शिक्षा, कैरियर की चुनौती और उनकी नैसर्गिक प्रतिभा को कुचलने की राजनीति विसंगतियां जैसी तमाम विषमताओं और अवरोधों की ढेरों समस्याएं भी हैं। उनके पास कोरे स्वप्न ही नहीं, बल्कि आंखों में किरकिराता सच भी है। इन जटिल स्थितियों से लौहा लेने की ताकत युवक में ही हैं। क्योंकि युवक शब्द क्रांति का प्रतीक है।

विचारों के नभ पर कल्पना के इन्द्रधनुष टांगने मात्र से कुछ होने वाला नहीं है, बेहतर जिंदगी जीने के लिए मनुष्य को संघर्ष आमंत्रित करना होगा। वह संघर्ष होगा विश्व के सार्वभौम मूल्यों और मानदंडों को बदलने के लिए। सत्ता, संपदा, धर्म और जाति के आधार पर मनुष्य का जो मूल्यांकन हो रहा है मानव जाति के हित में नहीं है। दूसरा भी तो कोई पैमाना होगा, मनुष्य के अंकन का, पर उसे काम में नहीं लिया जा रहा है। क्योंकि उसमें अहं को पोषण देने की सुविधा नहीं है। क्योंकि वह रास्ता जोखिम भरा है। क्योंकि उस रास्तें में व्यक्तिगत स्वार्थ और व्यामोह की सुरक्षा नहीं है।

युवापीढ़ी पर यह दायित्व है कि संघर्ष को आमंत्रित करे, मूल्यांकन का पैमाना बदले, अहं को तोड़े, जोखिम का स्वागत करे, स्वार्थ और व्यामोह से ऊपर उठे। युवा दिवस मनाने का मतलब है-एक दिन युवकों के नाम। इस दिन पूरे विश्व में युवापीढ़ी के संदर्भ में चर्चा होगी, उसके ह्रास और विकास पर चिंतन होगा, उसकी समस्याओं पर विचार होगा और ऐसे रास्ते खोजे जायेंगे, जो इस पीढ़ी को एक सुंदर भविष्य दे सकें।

इसका सबसे पहला लाभ तो यही है कि संसार भर में एक वातावरण बन रहा है युवापीढ़ी को अधिक सक्षम और तेजस्वी बनाने के लिए।


युवकों से संबंधित संस्थाओं को सचेत और सावधान करना होगा और कोई ऐसा सकारात्मक कार्यक्रम हाथ में लेना होगा, जिसमें निर्माण की प्रक्रिया अपनी गति से चलती रहे। विशेषत: राजनीति में युवकों की सकारात्मक एवं सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा। अर्नाल्ड टायनबी ने अपनी पुस्तक 'सरवाइविंग द फ्यूचर' में नवजवानों को सलाह देते हुए लिखा है 'मरते दम तक जवानी के जोश को कायम रखना।' उनको यह इसलिये कहना पड़ा क्योंकि जो जोश उनमें भरा जाता है, यौवन के परिपक्व होते ही उन चीजों को भावुकता या जवानी का जोश कहकर भूलने लगते हैं। वे नीति विरोधी काम करने लगते है, गलत और विध्वंसकारी दिशाओं की ओर अग्रसर हो जाते हैं। इसलिये युवकों के लिये जरूरी है कि वे जोश के साथ होश कायम रखे। इसीलिये सुकरात को भी नवयुवकों पर पूरा भरोसा था। वे जानते थे कि नवयुवकों का दिमाग उपजाऊ जमीन की तरह होता है। उन्नत विचारों का जो बीज बो दें तो वही उग आता है। एथेंस के शासकों को सुकरात का इसलिए भय था कि वह नवयुवकों के दिमाग में अच्छे विचारों के बीज बोने की क्षमता रखता था। आज की युवापीढ़ी में उर्वर दिमागों की कमी नहीं है मगर उनके दिलो दिमाग में विचारों के बीज पल्लवित कराने वाले स्वामी विवेकानन्द और सुकरात जैसे लोग दिनोंदिन घटते जा रहे हैं।

कला, संगीत और साहित्य के क्षेत्र में भी ऐसे कितने लोग हैं, जो नई प्रतिभाओं को उभारने के लिए ईमानदारी से प्रयास करते हैं? हेनरी मिलर ने एक बार कहा था- ''मैं जमीन से उगने वाले हर तिनके को नमन करता हूं। इसी प्रकार मुझे हर नवयुवक में वट वृक्ष बनने की क्षमता नजर आती है।''

महादेवी वर्मा ने भी कहा है ''बलवान राष्ट्र वही होता है जिसकी तरुणाई सबल होती है।'' इसीलिये युवापीढ़ी पर यह दायित्व है कि वह युवा दिवस पर कोई ऐसी क्रांति घटित करे, जिससे युवकों की जीवनशैली में रचनात्मक परिवर्तन आ सके, हिंसा-आतंक-विध्वंस की राह को छोड़कर वे निर्माण की नयी पगडंडियों पर अग्रसर हो सके।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3618




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3617 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मियां-बीवी में धन-दौलत की मिल्कियत को लेकर जबरदस्त कहा-सुनी हो गई. बीवी ने गुस्से से कहा, 'तुम्हारा इस घर में है क्या, जो कुछ है, सब मेरे पिता ने दहेज में दिया है.'

संयोगवश उसी रात घर में चोर घुस गए. बीवी की आंख खुल गई. वह मियां को जगाने लगी, 'जल्दी उठो, घर मे चोर घुस आए हैं.'

मियां ने करवट बदलते हुए कहा, 'मै क्यों उठूं, मेरा इस घर में है ही क्या?'

जज (अभियुक्त से) - तुम्हारी पहली पत्नी की मौत कार दुर्घटना से हुई थी, जबकि दूसरी पत्नी जहर खाकर मर गई. ऐसा क्यों हुआ?

अभियुक्त (जज से) - दूसरी पत्नी कार चलाना नहीं जानती थी.

एक ग्राहक होटल के बैरे से - अरे इस गिलास में पत्ता गिरा है.

बैरा (ग्राहक से) - इसमें कोई ताज्जुब की बात नहीं है, इस शहर में हमारे होटल की कई शाखाएं हैं.

रमेश - अरे, आपका लड़का फेल हो गया है और आप मिठाई खिला रहे हो?

नेता जी - पास, फेल क्या मायने रखता है, बहुमत तो इसके साथ है. पचास में से पैतीस बच्चे इसके साथ फेल हुए हैं.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3618



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो' गीत वाली फिल्म-४
४. 'किस कारण नैया डोली' गीतवाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
७. मिथुन, रंभा, वैष्णवी की 'कारी कजरारी कंवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं एक प्यासी' गीत वाली सनी, संजय, धर्मेन्द्र, रवीना, दिव्या की फिल्म-३
११. विनोद खन्ना, शबाना आजमी की अरूणा विकास निर्देशित फिल्म-२
१२. 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली दिनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-३
१४. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१९. सलमान खान, शिल्पा की 'फरियाद क्या करें हम' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'प्यार काहे बनाया' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
२१. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक कौन-२
२२. जैकी श्रॉफ, मनीषा कोइराला की 'एक बात बताऊं' गीतवाली फिल्म-३
२४. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२५. फिल्म 'बड़े दिलवाला' में प्रिया गिल के साथ नायक-३
२६. संजयकपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से देखा' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जूली' में प्रियांशु की नायिका-२
२९. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
३५. 'राज की बात कह दूं तो' गीत वाली नवीननिश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
३६. मिथुन, मधु की तू चीज बड़ी है सख्त सख्त' गीत वाली फिल्म-५

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, विद्या सिन्हा की फिल्म-२
२. 'एक मैं हूं एक तू है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
४. सनी, शाहरूख खान, जूही चावला फिल्म-२
५. 'तन्हा तन्हा दिल अपना' गीत वाली फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
८. 'चूड़े वाली छमिया मिला' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
१०. फिल्म 'विश्वनाथ' में नायिका कौन थी?-२
१२. मनोजकुमार, नंदा की 'जाने चमन शोला बदन' गीत वाली फिल्म-४
१३. इमरान, शाहबाज, तब्बू की फिल्म-२
१५. परीक्षित साहनी, नूतन की 'एक छोरा है गोरा' गीत वाली फिल्म-३
१६. आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
१८. 'बिन साजन झुला झूलू' गीत वाली फिल्म-३
२३. राजेंद्रकुमार, धर्मेन्द्र, मालासिन्हा की 'बोल मेरे साथिया' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२५. अक्षय, अजय, करिश्मा, नगमा की 'तेरे लिए जानम' गीत वाली फिल्म-३
२७. अक्षय कुमार, करीना, प्रियंका की फिल्म-४
३१. 'कहाँ गये ममता भरेदिन' गीतवाली फिल्म-२
३३. 'बाबूजी जरा धीरे चलो' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
३४. अमिताभ, ओमपुरी, फरदीन, करीना की 'जब नही' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3617



## सूडोकु -3618

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3617 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 3618



**बाएँ से दाएँ**

1.उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4.कराह,टीस,लालसा-3
6.हानि,आपत्ति-2
7.दुश्मनी,बैर-3
8.इंसाफ-2
10.साठवीं जयंती-3
11.जलाऊ लकड़ी-4
14.छोटा भाई-3
16.निरंकुश,आवारा-4
17.ठाठ-बाट-2
18.आफत,मुसीबत-2
19.शैतानी,बदमाशी-4
21.सहायता-3
22.इच्छा,लालसा-4
24.कवि,गजलकार-3
25.जरा,थोड़ा-2
27.मुलायम,नाजुक-3
28.गुफा,खोह-2
29.प्रियतम,सनम-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2.उत्साह.शक्ति-2
3.बिना बाल वारा,गंजा-4
4.पंक्ति,लाइन-3
5.लड़की,पुत्री,बेटी-2
7.वहम,संदेह-2
9.जुड़वा-3
12.प्रतिज्ञा,कसम-3
13.गंगा का पानी-4
15.तीखा,तीक्ष्ण-3
16.आतुर,धैर्यहीन-4
17.संभवत:-3
18.मर्कट,कपि-3
20.गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21.पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22.मनोकामना -4
23.साजन,प्रेमी-3
24.संध्या,सांझ-2
26.आनंद-2
28.महीना,मास-2

शब्द पहेली -3617 का हल



# सात महीने में 98 हजार लोगों को स्ट्रीट डॉग्स ने काटा

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश-नोएडा के सभी स्ट्रीट डॉग्स को शेल्टर में करना होगा बंद

**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा और गाजियाबाद में तत्काल इलाकों से आवारा कुत्तों को पकड़ना शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि इन कुत्तों को पकड़ने के बाद उनको शेल्टर में रखा जाएगा।

अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में किसी भी तरह की भावनाओं को जगह नहीं दी जाएगी। आम जनता की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। इसके आदेश के बाद से ही नोएडा की सोसाइटी और आरडब्ल्यूए में चर्चा काफी हो रही है।

### शहर में चार डॉग शेल्टर हैं

नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि-शहर में चार डॉग शेल्टर है। इसमें सेक्टर-34, 50, फेज-2 और सेक्टर-93 में शेल्टर बनाए गए हैं। इसमें से दो शेल्टर सेक्टर-34 और 93 में बने शेल्टरों में डॉग को रखा गया है। इसके अलावा सेक्टर-94 में एनिमल शेल्टर है। यहां बीमार पशुओं का इलाज किया जाता है।

इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी शेल्टर बनाने की कार्य योजना तैयार



की जा रही है। प्राधिकरण ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार कार्य किया जाएगा। आर्डर कापी आने पर इसका अध्ययन किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से जारी आकड़ों के अनुसार गौतमबुद्ध नगर में विगत सात महीने में 73 हजार 754 लोगों को डॉग ने कटा है। ये सभी बाइट स्ट्रीट डॉग ने की। इसमें जनवरी 2025 में 9383, फरवरी में 10175, मार्च में 11599, अप्रैल में 10925 और जून में 10646 और जुलाई में 10394 में लोगों को काटा है।

### पालतू डॉग्स ने 24 हजार को काटा

सात महीने में 24 हजार 856 लोगों को पालतू डॉग ने काटा है। इसमें जनवरी में 3124, फरवरी में 4662 मार्च में 2463, अप्रैल में 3267 मई में 2958, जून में 2815 और जुलाई में 5567 लोगों को पालतू डॉग्स ने काटा है। इन डॉग्स को रखने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने डॉग्स पालिसी बनाई है। इसके तहत पालतू डॉग्स का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। साथ ही बाइट करने पर भारी भरकम जुर्माना और मुकदमा भी नोएडा में दर्ज किए गए है। रिकार्ड में अब तक 8169 डॉग्स का रजिस्ट्रेशन किया गया है।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास बनेगा ग्रीन पार्क

## 500 मीटर में लैंड स्केपिंग के साथ जॉगिंग ट्रैक और पाथ वे करेंगे विकसित

**नोएडा।** नोएडा एयरपोर्ट जाने वाले मार्ग पर गलगोटिया विश्वविद्यालय के पास 500 मीटर में ग्रीन पार्क बनेगा। इसका डिजाइन तैयार कर लिया गया है। पार्क में लैंड स्केपिंग के अलावा रंग-बिरंगी रोशनी के साथ फव्वारे, जॉगिंग ट्रैक और पाथ-वे समेत कियोस्क लगाए जाएंगे। आने वाले लोग यहां आराम और प्रकृति के करीब रह सके।

### एयरपोर्ट तक के रास्ते को करेंगे हराभरा

यमुना प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि गलगोटिया विश्वविद्यालय के सामने से नोएडा एयरपोर्ट तक 35




किलोमीटर लंबा और 60 मीटर चौड़ा मार्ग गुजर रहा है। यह रास्ता यमुना सिटी को उसके सेक्टरों से जोड़ते हुए एयरपोर्ट तक जाता है। इसके किनारे पर 100 मीटर चौड़ी ग्रीन बेल्ट है, जो अभी विकसित नहीं है। आने वाले समय में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू हो जाएगा। ऐसे में पूरे रास्ते को हराभरा और आकर्षक बनाया जाएगा। ऐसे में गलगोटिया के पास के 500 मीटर में पार्क विकसित करने का खाका तैयार किया गया है।

### चौराहों पर लगेंगे म्यूरल

शहर के प्रमुख चौराहों को सुधारने पर होगा। यहां पर अलग-अलग प्रकार के फव्वारे और देश की ऐतिहासिक इमारत जैसे ताजमहल, कुतुबमीनार और अन्य के म्यूरल बनाए जाएंगे। इसके अलावा धार्मिक स्थलों की झलक दिखेगी।

राम मंदिर समेत चार धामों को उतारा जाएगा, ताकि सड़क पर चलते लोग अंतरराष्ट्रीय स्तरीय शहर का आनंद उठा सकें। इसे लेकर भी तैयारियां चल रही है।

# नोएडा के डे केयर सेंटर में सहायिका ने 15 महीने की बच्ची से क्रुरता की

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के डे केयर सेंटर में 15 माह की बच्ची से क्रूरता का सीसीटीवी सामने आया है।

आरोप एक नाबालिग सहायिका पर है। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि उसने बच्ची को बुरी तरह से पीटा। उसने बच्ची के मुंह में खिलौना ठूंस दिया। दो बार जमीन पर पटका। पीठ पर थप्पड़, सीने पर मुक्का मारा। सिर दीवार से टकरा दिया। जांघ पर दांत से काट लिया। इस दौरान बच्ची चीखती-चिल्लाती रही। यह फुटेज 10 मिनट 30 सेकेंड का है।

घटना 4 अगस्त 2025 की है। बच्ची की मां की शिकायत पर सेक्टर-142 कोतवाली में डे केयर संचालिका चारु और नाबालिग सहायिका के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सहायिका की उम्र का एफआईआर में जिक्र नहीं है।

### बच्ची को घर ले गई तो मां ने जांघ पर चोट देखी

सोसाइटी में रहने वाली मोनिका देवी का आरोप है कि वह अपनी बेटी वेदांशी पटेल को रोजाना ब्लिपी डे केयर में दो घंटे भेजती हैं। चार अगस्त को जब उसे घर लेकर आईं तो वह जोर-जोर से रो रही थी। कपड़े बदलने के दौरान उसकी दोनों जांघों पर दांत के निशान दिखे।

इसके बाद वह बच्ची को लेकर डॉक्टर के पास पहुंचीं। डॉक्टर ने उन्हें बताया कि ये निशान दांत से काटे जाने के हैं।

# नोएडा पुलिस ने 25 हजार के इनामी को पकड़ा

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 पुलिस ने नकली पनीर बनाने वाले वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। इसकी पहचान अफसर खां पुत्र गफ्फार खां के रूप में हुई है। इसे जी ब्लॉक सर्विस रोड थाना सेक्टर-63 नोएडा से गिरफ्तार किया गया। इसके चार साथियों को पहले ही नोएडा पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। ये पांचों लोग मिलकर अलीगढ़ स्थित अपने प्लांट पर नकली पनीर तैयार कराकर दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करता था।

29 जून को थाना सेक्टर-63 पुलिस ने अलीगढ़ में नकली पनीर तैयार कर नोएडा एनसीआर में सप्लाई करने वाले



चार लोगों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से 1400 किलो नकली पनीर बरामद किया गया। पहले जिन लोगों को गिरफ्तार किया था उनमें गुड्डू उर्फ रहीश, गुलफाम, नावेद और इखलाक थे। इनका एक साथी अफसर खां फरार चल रहा था। पुलिस ने इस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। ये सभी अलीगढ़ के रहने वाले है।

# नोएडा-गाजियाबाद के लिए स्काई वॉक का टेंडर जारी

## आईआईटी से मिल चुका अप्रूवल, 38 करोड़ तय किया गया बजट; 60 हजार को फायदा

**नोएडा।** सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोल चक्कर पर बनने वाले स्काई वॉक का डिजाइन आईआईटी से अप्रूव हो चुका है। प्राधिकरण सीईओ ने इसके टेंडर जारी कर दिया है। इसके निर्माण पर 38 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि टेंडर जारी कर दिया गया है। 21 अगस्त तक कंपनियां आवेदन कर सकते है। 22 अगस्त को कंपनी का चयन कर लिया जाएगा। संभवता अक्टूबर में निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जिसे एक साल में पूरा करना होगा।

अधिकारियों ने बताया कि यह स्काई वॉक 530 मीटर लंबा और 4 मीटर चौड़ा होगा। यह स्काई वॉक, दिल्ली-



मेरठ एक्सप्रेसवे पर खोड़ा कॉलोनी की तरफ बने एफओबी को जोड़ते हुए बनाया जाएगा। इसके बाद जीरो के आकार में बनाते हुए छिजारसी की तरफ बनेगा। मॉडल टाउन गोल चक्कर के चारों तरफ जीरो आकार में बनेगा।

आने वाले समय में यहां पर भी दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे को जोड़ते हुए नया एफओबी बनाया जाएगा। ये एफओबी सीधे तौर पर नोएडा और गाजियाबाद को जोड़ेगा। जिससे रोजाना करीब 60 हजार से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। जो गाजियाबाद की तरफ से नोएडा आते है। हालांकि इनकी संख्या ज्यादा है। ये लोग नोएडा और गाजियाबाद में जॉब करते है।

### 38 करोड़ आएगी लागत

इस स्काई वॉक को बनाने में करीब 38 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस पर नोएडा की तरफ सेक्टर-62, 63 और छिजारसी की तरफ चढ़ने-उतरने की सुविधा मिलेगी। स्काई वॉक में राहगीरों को ऊपर चढ़ने में कोई परेशानी न हो इसके लिए नोएडा की तरफ एसकेलेटर (स्वचालित सीढ़ियां) लगाए जाएंगे। इसके अलावा दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के कोनों पर दो लिफ्ट लगाई जाएंगी।

# शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा में कॉलेज निर्माण पर विवाद

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 18 में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण के दौरान हो रही डी-वाटरिंग के विरोध में किसान एकता महासंघ ने सोमवार को प्रदर्शन किया। किसान महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कसाना के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने यमुना प्राधिकरण के वाइस प्रेसिडेंट सुधीर लांबा को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष अरविंद सेक्रेटरी के अनुसार, रीलखा और अच्छेजा बुजुर्ग गांवों के पास कॉलेज के बेसमेंट निर्माण के लिए की जा रही खुदाई में दर्जनों वाटर पंप लगाए गए हैं। इससे आसपास के गांवों का भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। किसानों का आरोप है कि यह कार्य एनजीटी के नियमों का उल्लंघन है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर 7 दिनों में वाटर पंप नहीं हटाए गए तो वे अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे। प्रदर्शन में राजवीर ठेकेदार, मास्टर इंद्रपाल सिंह, रवि नागर, अमित नागर समेत कई किसान नेता मौजूद थे। किसानों की चिंता है कि इस डी-वाटरिंग से क्षेत्र में भविष्य में जल संकट पैदा हो सकता है।

### नोएडा में पिता के डांटने पर बेटा घर से भागा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में एक छात्र पिता की डांट से नाराज होकर घर छोड़कर चला गया। गांव तीरथली निवासी जगदीश का 18 वर्षीय बेटा सचिन रबूपुरा के एक प्राइवेट स्कूल में 9वीं कक्षा का छात्र है। सचिन पिछले कुछ दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था। इस बात की जानकारी मिलने पर पिता ने उसे डांटा और नियमित रूप से स्कूल जाने को कहा। शुक्रवार को सचिन स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकला और लौटकर नहीं आया। दोपहर तक जब सचिन घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों ने उसे स्कूल और आसपास के इलाकों में खोजा। कहीं भी उसका पता नहीं चला। इसके बाद छात्र के पिता ने रबूपुरा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

### दूध व्यापारी को रोका और पिस्टल दिखाई

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दादुपुर गांव के दूध व्यापारी हरवीर को कुछ लोगों ने रास्ते में रोका और उन पर हमला किया। घटना सोमवार की है, जब हरवीर बाइक पर दूध लेकर बिलासपुर कस्बे जा रहे थे। गांव के मुख्य रास्ते पर कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि पहले गालीगलौज की गई। विरोध करने पर आरोपियों ने डंडों से मारपीट की। इतना ही नहीं, एक आरोपी ने पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी। इस दौरान किसी ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हरवीर का कहना है कि उनका गांव के एक परिवार से जमीनी विवाद चल रहा है। पीड़ित ने सोमवार शाम को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रेटर नोएडा में चलती कार में लगी आग

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को एक चलती हुंडई कार में अचानक आग लग गई। हतेवा फार्म के पास हुए इस हादसे में कार में सवार फौजी ने कूदकर अपनी जान बचाई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पीपलका गांव निवासी रामवीर सिंह, जो फौजी हैं, अपनी हुंडई कार से अकेले ही दनकौर-सिकंदराबाद रोड से होकर घर जा रहे थे। हतेवा फार्म के पास उनकी कार से अचानक धुआं निकलने लगा। उन्होंने कुछ समझ पाते इससे पहले ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। रामवीर ने तुरंत कार से कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में आग की लपटें बढ़ गईं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार काफी जल चुकी थी। प्राथमिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। पीड़ित का कहना है कि वह कार से घर लौट रहे थे जब अचानक आग लग गई। उन्होंने बताया कि इससे पहले कार में कोई समस्या नहीं दिखी थी।

### ग्रेटर नोएडा में शिक्षक ने की आत्महत्या

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के गांव आकलपुर में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक निजी स्कूल में पढ़ाने वाले 41 वर्षीय शिक्षक विनोद शर्मा ने रविवार शाम अपने घर में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना रविवार शाम की है जब विनोद शर्मा ने अपने घर में छत के पंखे से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवार के सदस्यों को जब इसकी जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत विनोद को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि-विनोद शर्मा पिछले कई महीनों से तनाव में थे। माना जा रहा है कि इसी तनाव के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। उल्लेखनीय है कि परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में रबूपुरा कोतवाली के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस अब इस घटना के पीछे के कारणों की जांच कर रही है।

# ग्रेटर नोएडा में सीआईएसएफ जवान ने किया सुसाइड

## सर्विस राइफल से खुद को मारी गोली, पत्नी से चल रहा था विवाद; एनटीपीसी प्लांट पर तैनात था

**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** थाना जारचा क्षेत्र में स्थित एनटीपीसी के दादरी प्लांट में ड्यूटी के दौरान सीआईएसएफ जवान ने पारिवारिक कलह के कारण खुद को गोली मार ली, उसकी मौके पर ही मौत हो गई, सूचना मिलते ही थाना जारचा पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कराते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

बता दे कि एनटीपीसी गेट नंबर-3 के चेकिंग पॉइंट पर ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ के जवान दीपंकर



बाराहने खुद को ड्यूटी पॉइंट के पास बने बाथरूम में बंद करके सर्विस राइफल से गोली मार ली जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सीआईएसएफ के जवान आत्महत्या कि खबर फैलते ही पूरे एनटीपीसी के दादरी प्लांट में सनसनी फैल गई। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि थाना जारचा पर विजिलेंस सीआईएसएफ के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एनटीपीसी गेट नंबर-3 के चेकिंग पॉइंट पर ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ के सिपाही दीपंकर बाराह खुद को गोली मार ली है।

एडिशनल डीसीपी ने बताया कि असम निवासी दीपंकर बाराह अपनी पत्नी के साथ रहता था, जिसका अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। शुरुआती जांच मे पता चला है, कि पारिवारिक विवाद के चलते जवान द्वारा सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या की गई है।

मौके पर सीआईएसफ एनटीपीसी के उच्च अधिकारीगण भी मौजूद रहे। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था स्थापित है।

### स्क्रैप माफिया रवि काना गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की थाना बीटा-2 पुलिस और गौतमबुद्धनगर स्वाट टीम ने संयुक्त अभियान में गैंगस्टर एक्ट में वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सूरज कुख्यात गैंगस्टर रवि काना गिरोह का सक्रिय सदस्य है। पुलिस ने सूरज को उसके पैतृक गांव भीकनपुर, थाना औरंगाबाद, बुलंदशहर से पकड़ा। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। सूरज रवि काना गैंग का सक्रिय सदस्य है। यह गिरोह व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मालिकों को डराकर दबाव बनाता था। स्क्रैप के कारोबार में यह गिरोह कंपनियों से कम कीमत पर ठेका लेता था। इस तरह अवैध रूप से मुनाफा कमाता था।

# नोएडा में पंचशील प्रतिष्ठा एओए पर 10 लाख का जुर्माना

## कूड़े का सही तरीके से निपटारा नहीं, बेसमेंट में जमा कर रहे थे

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की टीम ने सोमवार को पंचशील प्रतिष्ठा अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन सेक्टर-75 का निरीक्षण किया।

यहां निकलने वाले बल्क वेस्ट को सही तरीके से निपटारा नहीं किया जा रहा था। ऐसे में प्राधिकरण की टीम ने सोसाइटी के एओए पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। प्राधिकरण अधिकारी इंदू प्रकाश ने बताया कि एओए द्वारा बल्क वेस्ट जनरेटर कूड़े को सेग्रीगेट नहीं कर रहे थे। भंडार और



निपटारा करने में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान मिला कि कचरे का पृथक्करण नहीं किया जा रहा है।

सूखा, गीला और बागवानी सभी प्रकार का कचरा मिक्स करके टावर-8 के बेसमेंट में जमा किया जा रहा है। कचरा अनधिकृत कबाड़ियों को दिया जा रहा है, जो कचरे को सड़क पर फेंक रहे है। गंदा पानी जमा हो रहा है, जिसमें मच्छरों का प्रजनन हो रहा है जो वहां के निवासियों के लिए गंभीर स्वास्थ्य खतरा बन रहा है।

### एंटी प्लास्टिक ड्राइव में 100 किलो प्लास्टिक जब्त

इसके बाद टीम ने ग्राम अट्टा में एंटी प्लास्टिक ड्राइव चलाई। जिसमें सभी लोगों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक इस्तेमाल न करने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों मैसर्स वीके ट्रेडर्स, मैसर्स प्रेम डिस्पोजल एवं अन्य दुकानदारों से कुल 100 किग्रा प्लास्टिक जब्त की गयी। साथ ही साथ सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि नोएडा क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर आर्थिक दंड का प्रावधान है।

# पश्चिम बंगाल से जुड़े सीआईबी के तार

## स्पेशल-26 की तरह कर रहे थे भर्ती, वेबसाइट बनाकर 1000 से 1 लाख तक की मेंमबरशिप

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने इंटरनेशनल पुलिस एंड क्राइम इंवेस्टिगेशन ब्यूरो के नाम से खोले गए फर्जी कार्यालय का खुलासा किया है, उसका मुख्य केंद्र पश्चिम बंगाल है। जिन 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उसमें बिभाष चंद्र अधिकारी, अराग्य अधिकारी दोनों कोलकाता में चार-पांच साल से इस फर्जी सीआईबी को ऑपरेटर कर रहे थे। इनको नोएडा लाने वाला गोरखपुर निवासी सुनील है। पुलिस टीम सुनील की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। आरोपियों ने दावा किया कि- उन्होंने इंटरनेशनल पुलिस एंड क्राइम इंवेस्टिगेशन ब्यूरो के नाम से ट्रस्ट का पंजीकरण करा रखा है। इससे पुलिस को संदेह हुआ कि पुलिस के नाम से कोई ट्रस्ट कैसे पंजीकरण हो सकता है। हालांकि, पुलिस इस दावे का सत्यापन करा रही है। पुलिस को अंदेशा है कि आरोपी ट्रस्ट की आड़ में हवाला कारोबार से जुड़े थे। इस पहलू पर भी जांच हो रही है।

### वेबसाइट पर रिटायर्ड जज, आईएएस और आईपीएस की तस्वीरें

कोलकाता में ये https://nbsisj.in/page नाम की फर्जी वेबसाइट का संचालन कर रहे थे। इस वेबसाइट में कई रिटायर्ड जस्टिस, आईएएस और आईपीएस के नाम और फोटो को दिखाया गया है। ताकि लोग इन पर भरोसा कर सकें। समस्या के समाधान के लिए मैंबरशिप लेनी होगी। इसका रेट भी तय है।



आर्डनरी मेंबरशिप से लाइफ टाइम मेंबरशिप तक का ऑफर है।

इसके लिए अपनी पूरी प्रोफाइल इनको साझा करनी होगी। ये वेबसाइट अब भी ऑन गोइंग है। ये मैंबरशिप 1000 से 1 लाख रुपये तक है। नोएडा में कार्यालय खोलने का मकसद यहां जमीन से जुड़े विवादों की बड़ी संख्या है। विवाद सुलझाने के बदले मोटी रकम कमाने का इरादा था।

### यह है फर्जी थाना से जुड़ा पूरा मामला

नोएडा पुलिस ने सेक्टर-70 में शनिवार को फर्जी थाने का खुलासा कर छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने इंटरनेशनल पुलिस एंड क्राइम इंवेस्टिगेशन ब्यूरो के नाम से कार्यालय स्थापित कर रखा था। वे खुद को इंटरपोल और आईबी से जुड़ा होने का दावा करके लोगों से ठगी करते थे। उन्होंने पुलिस थाने की तरह ही अपने बोर्ड और लोगो भी लगा रखे थे। सभी आरोपी पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक सूचना के आधार पर एलआईयू से जांच करवाने के बाद फर्जीवाड़े की जानकारी सामने आई। उसी के बाद कार्रवाई की गई।

### किसी बड़े फर्जी वाड़े के लिए कर रहे थे भर्ती

स्पेशल-26 फिल्म की तरह ये भी किसी बड़े फर्जी वाड़े को अंजाम देने वाले थे। इसके लिए इन लोगों ने उक्त वेबसाइट पर नोटिफिकेशन अपलोड किया था। जिसमें एक लेटर अपलोड है। जिसका लैटर हेड नेशनल ब्यूरो ऑफ सोशल इंवेस्टिगेशन एंड सोशल जस्टिस के नाम से है। ये लेटर 14 जुलाई को जारी किया गया। जबकि आवेदन की तिथि 30 तक है। भर्ती के लिए एक क्राइटेरिया डिसाइड किया गया है। जिसमें एजुकेशन क्वालिफिकेशन से लेकर सभी आईडी प्रूफ तक मांगे गए हैं।

### नोएडा आने का मकसद

पुलिस ने बताया कि इन लोगों को जानकारी थी नोएडा में जमीनी विवाद और कोर्ट केस बहुत हैं। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को ये अपने इस फर्जी वाड़े में फंसाकर ठगी कर सकते थे। इसलिए यहां आए। सर्च किया और एक कार्यालय खोला। लेकिन जब तक ये अपना मंसूबा पूरा करते पुलिस ने इस गैंग को गिरफ्तार कर लिया।

# यूपी के फतेहपुर में मकबरे पर भगवा लहराया, बवाल-पथराव, तोड़फोड़

**हिंदू संगठनों का मंदिर होने का दावा; सड़क जाम करके हनुमान चालीसा पढ़ी**

**फतेहपुर।** यूपी में संभल के बाद अब फतेहपुर में मंदिर-मस्जिद विवाद शुरू हो गया। यहां सोमवार सुबह करीब 10 बजे अचानक बजरंग दल, हिंदू महासभा समेत कई हिंदू संगठनों के 2 हजार लोग ईदगाह में बने मकबरे पर पहुंच गए।

पुलिस ने पहले से मकबरे के चारों तरफ बैरिकेडिंग कर दी थी, लेकिन लाठी-डंडे से लैस हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मकबरे को मंदिर बताकर तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी। कुछ युवकों ने मकबरे की छत पर चढ़कर भगवा झंडा लगा दिया।

हिंदू महासभा के नेता मनोज त्रिवेदी भीड़ के साथ मकबरे के अंदर पहुंचे और पूजा करने लगे। मकबरे पर भगवा झंडा और पूजा-पाठ देख मुस्लिम समुदाय के लोग भड़क गए। करीब डेढ़ हजार मुस्लिम ईदगाह पहुंच गए। इसके बाद दोनों तरफ से पथराव होने लगा।

पुलिस ने लाठियां चलाकर भीड़ को खदेड़ना शुरू किया। बवाल इतना बढ़ा कि 10 थानों की फोर्स बुलाई गई।



इसके बाद हिंदू संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता मकबरे से 500 मीटर दूर डाक बंगला चौराहे पर जाम लगा दिया। सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे।

### 6 जिलों के एएसपी रवाना

बवाल की सूचना पर एडीजी जोन प्रयागराज संजीव गुप्ता मौके पर पहुंच गए हैं। फ्लैग मार्च कर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। एडीजी के आदेश पर 6 जिलों के एएसपी फतेहपुर रवाना किए गए हैं। इनमें चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, कौशांबी, प्रतापगढ़ और कानपुर देहात के एएसपी शामिल हैं।

### एसपी अनूप सिंह ने बताया-

पहले से यहां फोर्स तैनात थी। उसके बावजूद कुछ अराजक तत्व अंदर पहुंच गए। जिन्हें खदेड़ दिया गया। मौके पर सिर्फ पुलिसकर्मी तैनात हैं। सभी को यहां से वापस कर दिया गया। लोगों ने जो झंडा लगाया था, उसे हटा दिया गया है।

### काजी बोले- कोई हंगामा न करे

शहर काजी सईदुल इस्लाम अब्दुल्ला ने मुस्लिम समुदाय से शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा- इन लोगों ने शहर का अमन चैन खराब करने के लिए हुड़दंग किया है, लेकिन हमें शांत रहना है। प्रशासन अपना काम करेगा।

## शार्ट न्यूज

### 13 अगस्त को बीसलपुर में जनसुनवाई

**पीलीभीत।** महिला उत्पीड़न के मामलों में तेजी से न्याय दिलाने और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती पुष्पा पाण्डेय 13 और 14 अगस्त को पीलीभीत में रहेंगी। 13 अगस्त को सुबह 11 बजे बीसलपुर तहसील सभागार में महिला जनसुनवाई होगी, जिसमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न और अन्य मामलों की शिकायतें सुनी जाएंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा ने बताया कि प्रत्येक शिकायत का मौके पर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। उसी दिन दोपहर 1: 15 बजे सीएचसी बीसलपुर का निरीक्षण, 3: 30 बजे जिला कारागार और 4: 30 बजे सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण होगा। 14 अगस्त को सुबह 10 बजे जागरूक चौपाल का आयोजन किया जाएगा, जबकि 12: 30 बजे बरखेड़ा के कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण होगा। इसमें छात्राओं को आत्मरक्षा और महिला अधिकारों के बारे में बताया जाएगा।इस दो दिवसीय दौरे से कई लंबित मामलों का निस्तारण होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को उपलब्ध सरकारी व कानूनी सहायता की जानकारी भी मिलेगी।

### किशोरी की 108 एंबुलेंस से समय पर मदद, बची जान



**पीलीभीत।** गांव गौनेरा की 16 वर्षीय रिंकी अचानक सीने और पेट में तेज दर्द से कराह उठी। परिजनों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को कॉल किया। इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) कमलेश कुमार उर्फ के.के. मौके पर पहुंचे और रास्ते में ही प्राथमिक उपचार देकर मरीज को सीएचसी जहानाबाद पहुंचाया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख तुरंत जिला अस्पताल रेफर किया। एंबुलेंस में जाते समय ईएमटी ने ऑक्सीजन और ड्रिप लगाई तथा ईआरसीपी में तैनात डॉक्टर से संपर्क कर मरीज की स्थिति बताई। जिला अस्पताल में भर्ती होने के बाद उपचार से रिंकी की हालत में सुधार हुआ और अब वह पूरी तरह स्वस्थ है। परिजनों ने 108 एंबुलेंस टीम और ईएमटी के.के. का आभार व्यक्त किया।

### राम वाजपेयी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया



**पीलीभीत।** भारत स्काउट और गाइड के जनक माने जाने वाले पंडित श्री राम वाजपेयी का जन्मदिवस स्काउट भवन परिसर में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह स्काउट-गाइड के सदस्यों ने परिसर की साफ-सफाई में श्रमदान किया। इसके बाद ध्वज शिष्टाचार का आयोजन हुआ और पंडित वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिला संगठन आयुक्त (गाइड) शालिनी पांडे ने बताया कि पंडित वाजपेयी शाहजहांपुर के निवासी थे और उन्होंने भारत में स्काउट-गाइड आंदोलन की नींव रखी। उनकी सोच थी कि बच्चों में सेवा भाव, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास होना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षक योगेश मौर्य, आईटी कोऑर्डिनेटर अभिषेक प्रजापति, स्काउट सदस्य अरुण व कृष्ण तथा गाइड सदस्या मुस्कान, प्रतीक्षा, वैष्णवी, शिवांगी, सृष्टि, लक्ष्मी आदि ने समाज सेवा के लिए हमेशा तैयार रहने का संकल्प लिया।

### चार आरोपियों को गिरफतार कर भेजा जेल



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में मारपीट की घटना से सम्वन्धित थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0-910/25 धारा 352/351(3) बी0एन0एस0 से सम्वन्धित अभियुक्तगण रूद्धप्रताप पुत्र भगवत सिंह उम्र 19 वर्ष, अंशु उर्फ बंटी राजा पुत्र भूरे राजा 20 वर्ष , सागर पुत्र लाखन सिंह 18 वर्ष, अजय राजा पुत्र रंजीत सिंह 19 वर्ष निवासी गण ग्राम सतरवाँस थाना कोतवाली को नियमानुसार गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएस में कार्यवाही की गई । गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी उ.नि. अनुराग शर्मा का. हरिओम राजपूत का. सिन्धी आदि शामिल रहे।

### किशोरी के दुष्कर्मी को 10 साल कठोर कारावास

**वाराणसी।** वाराणसी के जंसा में किशोरी को झांसा देकर साथ ले जाने और रेप करने के मामले में कोर्ट ने छह साल बाद आरोपी को सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट द्वितीय) नितिन पांडेय की अदालत ने नामजद आरोपी मुकेश पटेल को दोषी पाया।6 साल पुराने मामले में कोर्ट ने गवाहों और साक्ष्य के आधार पर आरोपी की संलिप्तता पाई। जज ने आरोपी को सात वर्ष का कठोर कारावास और 5000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं कोर्ट में सजा के बाद आरोपी रोने लगा, पुलिस ने देर शाम उसे जेल में दाखिल किया। अभियोजन के वकील ने कोर्ट को बताया कि जून 2019 में जंसा के जलालपुर निवासी मुकेश पटेल पुत्र भोनू पटेल के खिलाफ एक किशोरी के पिता ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जंसा पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच की और मुकेश पटेल को संलिप्त पाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की।

# जलभराव से बंद रास्ता बहाल, पंपिंग सेट से निकाला गया पानी

**बरसात बाद पक्का निर्माण का प्रस्ताव, कर्मचारियों को सतर्क रहने की अपील**

**पीलीभीत।** लगातार बारिश और बाढ़ के पानी से ग्राम दुबहा में कुछ घरों का रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था। ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी।

सोमवार को ब्लॉक और तहसील प्रशासन की टीम ने पंपिंग सेट लगाकर जलभराव हटाया और अस्थायी पाइप डालकर रास्ता खोला। बरसात खत्म होने के बाद इस मार्ग का पक्का निर्माण करने का





प्रस्ताव कार्य योजना में शामिल किया गया है। किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने कहा कि जनता की छोटी-छोटी समस्याओं को समय रहते हल करना जरूरी है, वरना ये बड़ी मुसीबत बन सकती हैं। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करने और किसी भी खतरे की स्थिति में तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचित करने की सलाह दी।

# मथुरा में दो मंजिला मकान गिरा, भाई-बहन की मौत

**मथुरा।** मथुरा में सोमवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। दो मंजिला मकान अचानक से भरभराकर गिर गया। एक ही परिवार के 7 लोग मलबे में दब गए।

हादसा इतना भीषण था कि आसपास के मकान की दीवारें भी हिल गईं। लोग मदद के लिए भागकर आए। पुलिस को सूचना दी गई। इस दौरान नगर पालिका, दमकल टीम मौके पर पहुंची। आनन-फानन में रेस्क्यू शुरू किया गया। लेकिन 6 साल और 12 साल के भाई-बहन की मौत हो गई।

हादसा कोसीकलां क्षेत्र के मुहल्ला निकासा चौराहे के पास हुआ। ये मकान पुरानी हवेली के नाम से मशहूर है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- इमारत में नीचे के हिस्से में शहजाद, उनकी पत्नी तेजीवारा, बेटा आहिल (12) और बेटी माहिरा (6) रहते थे।

# गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु योग्य व्यक्तियों के प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। यह सम्मान उन महानुभावों को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य किया हो तथा इस कार्य में पूर्ण समर्पण दिखाया हो।

अपर मुख्य सचिव, राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग के निर्देशानुसार यह पुरस्कार हर वर्ष गुरू गोविन्द सिंह जी के जन्मदिवस (5 जनवरी) पर प्रदान किया जाएगा।

विजेता को एक लाख रुपये की नकद राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त आख्या में यह स्पष्ट किया जाएगा कि प्रस्तावित व्यक्ति के विरुद्ध कोई भी आपराधिक मामला लंबित या प्रचलित नहीं है, और न ही किसी न्यायालय द्वारा उन्हें किसी आपराधिक मामले में दंडित किया गया है।

इसके साथ ही प्रस्ताव में संबंधित व्यक्ति के कार्यों का तथ्यात्मक विवरण और अभिलेखीय साक्ष्य संलग्न होना अनिवार्य है।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे ऐसे प्रस्तावकों के विवरण और अभिलेखीय प्रमाण चार प्रतियों में तैयार कर 30 सितंबर 2025 तक शासन को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।


# दिव्या गंगवार : बदलाव की मिसाल, उम्मीद की पहचान

विशाल इंडिया संवाददाता

**पीलीभीत।** भीड़ में अलग दिखना आसान नहीं, लेकिन जो लोग अपनी पहचान काम से बनाते हैं, उन्हें पहचानने के लिए भीड़ नहीं चाहिए। दिव्या गंगवार, समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव, ऐसी ही एक शख्सियत हैं।जो मंच की चमक-दमक से ज्यादा, लोगों की मुस्कान में अपनी जीत देखती हैं।

### सपनों से भरी आँखें, बदलाव का इरादा

दिव्या का बचपन साधारण था, लेकिन सोच असाधारण। गाँव की गलियों और खेतों के बीच पलते हुए उन्होंने देखा कि बहुत सी लड़कियाँ पढ़ाई और अवसरों से वंचित रह जाती हैं। तभी से उन्होंने तय कर लिया कि वे केवल खुद आगे नहीं बढ़ेंगी, बल्कि



औरों का रास्ता भी रोशन करेंगी।

### नेतृत्व की नई परिभाषा

दिव्या गंगवार के लिए राजनीति सिर्फ भाषण और पोस्टर तक सीमित नहीं। वे गाँव की चौपाल में बैठकर, खेत के किनारे, स्कूल की बेंच पर या किसी महिला के आँगन में घुटनों के बल बैठकर भी बातचीत करती हैं।

उनका मानना है नेतृत्व का मतलब आगे चलना नहीं, बल्कि साथ चलना है।

### महिलाओं के लिए ढाल, युवाओं के लिए राह

महिलाओं को आर्थिक आज़ादी दिलाने के लिए उन्होंने कई स्वयं सहायता समूह शुरू कराए। बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण और रोज़गार मेलों से जोड़ा। लड़कियों की शिक्षा के लिए स्कूल चलो बहना जैसी स्थानीय पहल में सक्रिय रहीं।

### संकट के समय साथी

कोविड-19 महामारी के दौरान दिव्या ने न सिर्फ राहत सामग्री बाँटी, बल्कि बीमार लोगों को अस्पताल तक पहुँचाने, ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था कराने और ज़रूरतमंदों को मानसिक सहयोग देने में भी आगे रहीं।

### संगठन में सशक्त उपस्थिति

समाजवादी पार्टी महिला सभा में उनकी पहचान एक संगठनकर्ता और समस्या सुलझाने वाली नेता के रूप में है। वे छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देती हैं और बड़े मुद्दों पर खुलकर बोलती हैं। किसानों के न्यूनतम समर्थन मूल्य, महिला सुरक्षा कानूनों और युवाओं के रोज़गार के मुद्दों पर उनकी स्पष्ट राय है। दिव्या गंगवार चाहती हैं कि आने वाले समय में राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़े और गाँव की हर बेटी को उतने ही अवसर मिलें जितने शहर की बेटियों को मिलते हैं। उनके अनुसार अगर आप बदलाव चाहते हैं, तो आपको पहला कदम खुद उठाना होगा। दिव्या गंगवार केवल एक राजनीतिक पदाधिकारी नहीं, बल्कि एक विचार हैं जो सिखाता है कि सेवा, ईमानदारी और जमीनी जुड़ाव से ही असली नेतृत्व जन्म लेता है।


# मानवता की मिसाल : अनूप अग्रवाल ने दो मंदबुद्धि लावारिस पुरुषों को दिलाया सहारा

**अब तक 155 से अधिक बेसहारा लोगों को सुरक्षित ठिकाना दिला चुके हैं समाजसेवी**

**पीलीभीत।** मानवता और सेवा की सच्ची परिभाषा गढ़ते हुए व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं समाजसेवी अनूप अग्रवाल ने रविवार को एक बार फिर करुणा और संवेदनशीलता का अद्भुत उदाहरण पेश किया। उन्होंने दो मंदबुद्धि व लावारिस पुरुषों को अपने निजी खर्चे पर देखभाल और संरक्षण के लिए 'अपना घर आश्रम', शुक्रताल (मुजफ्फरनगर) भेजा। इनमें एक का नाम प्रभु जी, उम्र लगभग 40 वर्ष है, जो अपना पता बताने में असमर्थ थे। दूसरे की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है।

दोनों की सूचना गजरौला थाना, पीलीभीत से मिलने पर थानाध्यक्ष के माध्यम से उनका सत्यापन कराया गया। सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई पूर्ण होने के बाद, एक पुलिस कांस्टेबल की मौजूदगी में उन्हें वाहन द्वारा आश्रम तक सुरक्षित पहुंचाया





गया।अनूप अग्रवाल पिछले कई वर्षों से बेसहारा और लावारिस लोगों की सेवा में निरंतर कार्यरत हैं। वे अब तक 155 से अधिक पुरुषों और महिलाओं को 'अपना घर आश्रम' भेज चुके हैं। पीलीभीत ही नहीं, बल्कि मंडल के आसपास के जिलों में भी यदि उन्हें किसी मंदबुद्धि या लावारिस व्यक्ति की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत वहां पहुंचकर अपने खर्चे पर उसकी देखभाल और सुरक्षित ठिकाने की व्यवस्था करते हैं।

अनूप अग्रवाल का कहना है असहाय, बेसहारा और लावारिस व्यक्ति की मदद करना ही मेरे जीवन का उद्देश्य है। जब तक सांस है, मैं सेवा का यह कार्य जारी रखूंगा।

अनूप अग्रवाल की यह सेवा भावना क्षेत्र में चर्चित हो चुकी है। उनके प्रयासों से कई बिछड़े लोग अपने परिजनों से मिल पाए हैं, और जिनका कोई नहीं है, उन्हें सुरक्षित ठिकाना और सम्मानजनक जीवन मिला है। जनता उन्हें एक सच्चा समाजसेवी और मानवता का प्रहरी कहकर संबोधित कर रही है।

# जनपद में मनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**ललितपुर।** राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज, ललितपुर में राश्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन जिला मा0 पंचायत अध्यक्ष, श्री कैलाश नारायण निरंजन जी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होनें बताया कि एल्बेंडाजोल के सेवन से कृमि संक्रमण से बचाव होता है, यह दवा पूर्णतया: सुरक्षित है इसका कोई दुश्प्रभाव नही है तथा उन्होनें बेहिचक दवा का सेवन करने की जनपद के सभी अभिभावक/बच्चों से अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर डॉ0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि कृमि के कारण बच्चों में कुपोशण, एनीमिया और विकास में रूकावट आदि समस्यायें हो सकती है। जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी स्कूलों, निजी विद्यालयों, आंगनवाडी केन्द्रों में एक से 19 वर्श तक के बच्चों को पेट के कीडे निकालने के लिये एल्बेंडाजोल खिलाई जा रही है। एक से दो साल के बच्चों को टेबलेट का चूरा कर पानी के खिलाया जाएगा। बडे बच्चो को दवा चबा चबाकर खानी है। उन्होंने कहा



कि बीमार बच्चे को कृमि मुक्ति की दवा नही खिलाई जाएगी। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी (एनडीडी), डा0 प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि 01 से 19 वर्श तक के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए जनपद में 6.57 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। छुटे हुये बच्चों को मॉपअप दिवस 14 अगस्त 2025 को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जायेगी। पब्लिक हैल्थ स्पेषिलिस्ट, डा0 सौरभ सक्सेना ने बताया कि बच्चों के पेट में कीडे होने पर षरीर में खून की कमी हो जाती है और षरीर कुपोशित हो जाता है इससे सम्पूर्ण षारीरिक और मानसिक विकास भी नही हो पाता है। उन्होंने खाने से पहले और शौच के बाद अपने हाथ साबुन से धोने, साफ और स्वच्छ पानी पीने की सलाह बच्चों को दी तथा हाथ धोने के सही तरीके का प्रदर्शन किया। मंच का संचालन डीईआईसी मैनेजर, डा0 सुखदेव पंकज द्वारा किया गया। इस मौके पर राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज, ललितपुर की प्रधानाचार्य अंजना वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम), रजिया फिरोज, डीएमसी (यूनीसेफ), सबा परवीन एवं राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज के षिक्षक तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# एसपी ने गूगल मीट के माध्यम से की अपराध व कानून व्यवस्था की समीक्षा

**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/थाना/शाखा प्रभारियों के साथ साइबर अपराध के सम्बन्ध में गूगल मीटिंग कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । मीटिंग के दौरान जागरूकता बढ़ाने, त्वरित कार्रवाई व तकनीकी सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया । आज की गूगल मीटिंग के बिन्दु निम्नवत हैं। प्रत्येक थाने पर नियुक्त सभी अधि0/कर्म0गण को Cytrain के माध्यम से साइबर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया है ।थाना स्तर पर गठित पर साइबर



हेल्प डेस्क में नियुक्त अधि0/कर्म0गण को थाने पर प्राप्त शिकायतों को त्वरित रूप से साइबर क्राइम की SOP के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही करने तथा उनका पोर्टल व रजिस्टर पर अध्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया गया है ।साइबर हेल्प डेस्क में तैनात अधि0/कर्म0गण को साइबर अपराध से सम्बन्धित पोर्टल प्रतिबिम्ब, सुदर्शन, सहयोग, गरूड़, NCCRP आदि पोर्टल को प्रतिदिन लॉगिन करने व उनमें प्रदर्शित शिकायतों को साइबर क्राइम की SOP के अनुरूप निस्तारण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।प्रत्येक थाने पर नियुक्त बीट आरक्षियों को अपने -अपने बीट क्षेत्र में जाकर साइबर अपराध से सम्बन्धित बीट सूचनायें एकत्रित करना तथा उनका थाना स्थानीय की जीड़ी पर अंकित कराने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर क्राइम से सम्बन्धित अपराधियों के विरूद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही कर, उनकी अपराध से अर्जित सम्पत्ति का चिन्हीकरण व जब्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया ।साइबर क्राइम से सम्बन्धित वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले अपराधियो के म्यूल एकाउण्ट , POS एकाउण्ट आदि का सत्यापन करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को थाना क्षेत्र के स्कूल/कालेज, ग्रामों, सार्वजनिक स्थानों आदि में जाकर साइबर जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया तथा साइबर हेल्प लाईन नम्बर 1930/ साइबर क्राइम बेबसाइट cybercrime.gov.in/ NCCRP पोर्टल पर साइबर अपराध घटित होने पर तत्काल शिकायत अंकित कराने के सम्बन्ध में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया ।

# पुलिस ने एक बार फिर लौटाई मुस्कान, गुम हुए 8 मोबाइल फोन को उनके मालिकों को सौंपे

**ललितपुर।** जाखौरा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए खोए गिरे हुए 8 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइलों की कुल कीमत करीब 123000 रुपये बताई गई है। फोन उनके असली स्वामियों को सौंप दिए, जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में थाना जखौरा पुलिस द्वारा थाना जखौरा क्षेत्रान्तर्गत गिरे/खोये हुए मोबाइल के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे, जिसके संबंध में नियमानुसार



गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना जखौरा पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर आवेदक के प्रपत्रों को अपलोड करके, मोबाइल के IMEI नम्बरों को रन कराया गया था । विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त तकनीकी डेटा का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 08 अदद गिरे हुए/खोये हुए मोबाइलों को बरामद कर उनके स्वामियों को नियमानुसार सुपुर्द किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड में हुए एक रेल हादसे में नौ यात्री घायल

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड में हुए एक रेल हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर है। बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार तड़के थाईलैंड के कुई बुरी जिले में एक एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतर गई। स्थानीय समय के मुताबिक शनिवार तड़के हुए इस हादसे में नौ यात्री घायल हो गए। 12 बोगियों वाली ये ट्रेन नारथिवात प्रांत के सु-नगाई कोलोक जिले से बैंकॉक के क्रुंगथेप अफिवात (बैंग सू) स्टेशन जा रही थी। ट्रेन में पीछे की तरफ लगाए गए तीन डिब्बे, नंबर 10, 11 और 12 पटरी से उतर गए, लेकिन पलटे नहीं। घायलों में एक बौद्ध भिक्षु, एक छोटी लड़की और सात महिलाएं शामिल हैं। सभी पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रेलवे अधिकारी पटरी से उतरने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

### अमेरिका ने अफगान विदेश मंत्री की पाकिस्तान यात्रा रोकी-रिपोर्ट

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की पाकिस्तान की प्रस्तावित यात्रा पर अमेरिका ने रोक लगा दी है। डॉन की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की यात्रा प्रतिबंध छूट को मंजूरी देने से इनकार कर दिया है। खबरों के मुताबिक मुत्ताकी काबुल और इस्लामाबाद के बीच संबंधों को सुधारने के मकसद से चार अगस्त को ही आने वाले थे, लेकिन अमेरिका ने इस पर रोक लगा दी। राजनयिक सूत्रों का हवाला देते हुए एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगान विदेश मंत्री अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं, ऐसे में वे संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध समिति से विशेष छूट के बिना विदेश यात्रा नहीं कर सकते। अमेरिका ने छूट देने से इनकार करने का फैसला आखिरी वक्त में लिया, जिससे मुत्ताकी को अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी। डॉन की खबर के मुताबिक माना जा रहा है कि अमेरिका का यह फैसला तालिबान सरकार की चीन के साथ बढ़ती नजदीकियों से उपजी चिंताओं से प्रेरित है।

### लॉस एंजेलिस में स्टोर से 7000 डॉलर की लाबुबू गुड़िया चोरी

**लॉस एंजेलिस , एजेंसी।** अमेरिका में लॉस एंजेलिस के एक स्टोर से नकाबपोश चोरों के एक समूह ने लगभग 7,000 डॉलर की लाबुबू गुड़िया चोरी कर लीं। लॉस एंजेलिस काउंटी शेरिफ विभाग ने बताया कि यह घटना बुधवार सुबह लॉस एंजेलिस से लगभग 29 किलोमीटर पूर्व में स्थित ला पुएंते शहर के एक स्टोर में हुई। विभाग ने कहा कि संदिग्धों ने इस घटना में एक चोरी की हुई टोयोटा टैकोमा का इस्तेमाल किया था, जिसे कुछ ही देर बाद बरामद कर लिया गया। एजेंसी ने कहा कि वह मामले की जांच कर रही है और उसके पास अतिरिक्त जानकारी नहीं है। हांगकांग में जन्मे कलाकार कासिंग लुंग द्वारा बनाया गया यह खिलौना लाबुबू, इन दांतेदार राक्षसों के पहली बार सामने आने के एक दशक बाद एक लोकप्रिय संग्रहणीय वस्तु बन गया है।

### कोलंबियाई सीनेटर की हालत रक्तस्राव के बाद फिर से गंभीर

**बोगोटा, एजेंसी।** बोगोटा में एक चुनावी रैली के दौरान जून में गोली लगने से घायल हुए कोलंबियाई सीनेटर मिगुएल उरीबे टर्बे की हालत फिर से बिगड़ गई है। वह अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। उनके तंत्रिका तंत्र में रक्तस्राव हुआ है। उनका इलाज कर रहे फंडासिओन सांता फे क्लिनिक ने कहा कि उरीबे टर्बे को बचाने के लिए तुरंत ऑपरेशन करना पड़ा। उनकी हालत सुधारने के लिए उन्हें बेहोशी की हालत में रखा गया है। गौरतलब है कि उरीबे टर्बे को 7 जून को एक पार्क में चुनावी भाषण देते समय तीन बार गोली मारी गई थी। उनके सिर में दो बार गोली लगी। तब से, वह गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती हैं और उनकी हालत में थोड़ा सुधार हुआ है।

### जापान बोला- परमाणु हथियार खत्म करेंगे

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के नागासाकी में अमेरिका की तरफ से किए गए परमाणु बम हमले की 80वीं बरसी पर स्मृति कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जख्मों, भेदभाव और विकिरण से होने वाली बीमारियों की पीड़ा सहने के बावजूद हमले से बचे लोगों ने परमाणु हथियारों को खत्म करने के साझा लक्ष्य के लिए सार्वजनिक रूप से अपनी प्रतिबद्धता जताई। नागासाकी में हमले से बचे लोगों के पक्ष में खड़े एक संगठन की सदस्य 83 वर्षीय तेरुको योकोयामा ने कहा कि उन्हें उन लोगों की कमी महसूस होती है।

### इराकी प्रधानमंत्री ने पुलिस के साथ हिंसक झड़प के बाद अर्धसैनिक कमांडरों को हटाया

**बगदाद, एजेंसी।** इराक के प्रधानमंत्री ने पिछले महीने एक सरकारी प्रतिष्ठान में पुलिस के साथ हुई हिंसक झड़प के बाद अर्धसैनिक बल के वरिष्ठ कमांडरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मंजूरी दी है। झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई थी। 27 जुलाई को बगदाद के करख जिले में कृषि निदेशालय पर बंदूकधारियों ने हमला किया था। इस दौरान संघीय पुलिस के साथ उनकी झड़प हुई थी। यह छापेमारी निदेशालय के पूर्व प्रमुख को पद से हटाकर नए प्रमुख की नियुक्ति के बाद की गई।

## पति ने एयर होस्टेस को बलात्कार की दी धमकी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
वर्जिन अटलांटिक फ्लाइट अटेंडेंट को धमकाने के लिए सजा पाने वाले एग्जीक्यूटिव सलमान इफ्तिखार की पत्नी ने अपने पति का बचाव किया है। पाकिस्तानी इन्फ्लुएंसर अबीर रिजवी ने इस मामले को मानसिक स्वास्थ्य से जोड़ा है। दरअसल, लंदन से लाहौर जा रहे विमान में साल 2023 में इफ्तिखार ने नशे की हालत में गलत बर्ताव किया था। उस पर फ्लाइट अटेंडेंट एंजी वाल्श को रेप की धमकी देने के आरोप लगे। उसने नस्लीय टिप्पणियां कीं और वाल्श से कहा कि उनके होटल को उड़ा दिया जाएगा। इस घटना के बाद इफ्तिखार को मार्च 2024 में इंग्लैंड में उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

सलमान इफ्तिखार की पत्नी अबीर रिजवी पाकिस्तान की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। उन्होंने अपने पति का बचाव करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा कि मानसिक स्वास्थ्य कोई मजाक नहीं होता है। लोगों को यह बात समझने की कोशिश करनी चाहिए। रिजवी ने कहा, हर कहानी के पीछे वह दर्द होता है जो दिखाई नहीं देता। इफ्तिखार को 15 महीने की जेल की सजा सुनाई गई। उन्होंने धमकी देने और नस्लीय उत्पीड़न के आरोप स्वीकार किए, लेकिन पुरुष फ्लाइट अटेंडेंट के साथ शारीरिक संघर्ष के आरोप से इनकार किया। वर्जिन अटलांटिक की फ्लाइट अटेंडेंट एंजी वाल्श ने बताया कि इस घटना ने उन्हें मानसिक रूप से तोड़ दिया था। इसके कारण उन्हें 14 महीने तक काम से छुट्टी लेनी पड़ी। उन्होंने कहा कि वह 37 वर्षों तक वर्जिन अटलांटिक के साथ काम करती रहीं और कई चुनौतियों का सामना किया।

# यूएस सिनेटर ने ट्रंप को ही दिया झटका, अब मोदी रुकवाएंगे रूस-यूक्रेन युद्ध

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
पुतिन और ट्रंप की कमर तोड़ने के लिए ट्रंप ने तमाम कोशिशें कर ली कि किसी तरह पुतिन झुक जाएं और रूस व यूक्रेन की जंग रूक जाए। लेकिन ट्रंप अपनी कोशिशों में हर बार फेल हुए। न पुतिन उनकी बात मान रहे हैं और न ही ये जंग थम रही है। अब ऐसे में अमेरिकी नेता ने ट्रंप के सपनों पर पानी फेर दिया। ट्रंप जो कोशिश कर रहे थे उसे साइडलाइन करते हुए भारत पर भरोसा दे दिया। अमेरिकी सीनेटर का बड़ा बयान सामने आया है। बयान में उन्होंने ट्रंप के सपनों को चकनाचूर कर दिया है। ट्रंप जिस तरीके से महान बनने की कोशिश कर रहे थे। उस महानता पर पानी फेर दिया है। उन्होंने सीधे सीधे खुला कह दिया है कि प्रधानमंत्री मोदी और भारत ही अब रूस यूक्रेन का युद्ध समाप्त कर सकते हैं। इसके लिए बकायदा उन्हें कदम बढ़ाना चाहिए। हो सकता हैअमेरिका और भारत के रिश्ते युद्ध की



वजह से खराब हो रहे हैं, वो न हो पाएं। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने भारत से आग्रह किया है कि वह यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मदद के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करे। यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत के कुछ ही घंटों बाद कही गई है। ग्राहम ने कहा कि यह वाशिंगटन और दिल्ली के बीच संबंधों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण होगा। ग्राहम ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जैसा कि मैं भारत में अपने दोस्तों से कहता रहा हूँ, भारत-अमेरिका संबंधों को बेहतर बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण काम जो वे कर सकते हैं, वह है राष्ट्रपति ट्रम्प को यूक्रेन में इस रक्तपात को समाप्त करने में मदद करना। ग्राहम ने कहा कि भारत रूस से सस्ते तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है, जो पुतिन की युद्ध मशीन को ईंधन देता है। ग्राहम ने आगे कहा कि मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन के साथ हालिया फ़ोन कॉल में यूक्रेन में इस युद्ध को न्यायसंगत, सम्मानजनक और हमेशा के लिए समाप्त करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया होगा। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत इस मामले को प्रभावित करता है, और मुझे उम्मीद है कि वे इसका समझदारी से इस्तेमाल करेंगे। ग्राहम, राष्ट्रपति पुतिन के साथ फ़ोन पर हुई बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी के एक्स पर पोस्ट का जवाब दे रहे थे। शुक्रवार को फ़ोन पर हुई बातचीत के दौरान, पुतिन ने मोदी को यूक्रेन से जुड़े ताज़ा घटनाक्रमों से अवगत कराया। मोदी ने कहा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन÷ के साथ उनकी बहुत अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। ।क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि रूस और भारत के बीच विशेष साझेदारी के मद्देनज़र, व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीवन विटकॉफ के साथ अपनी बैठक के मुख्य परिणामों को साझा किया।

## कश्मीर पर ट्रंप के हस्तक्षेप की प्लानिंग कर रहे मुल्ला मुनीरथ

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कश्मीर विवाद दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और इसे सुलझाने के लिए किसी भी देश की सहायता का हम स्वागत करते हैं। इन बयानों से पाकिस्तान ट्रंप की शांति दूत वाली भावना को भड़का रहा है। नोबेल वाली इच्छाओं को भड़काकर पाकिस्तान अमेरिका को कश्मीर विवाद में घसीटना चाहता है।

पाकिस्तान नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रंप के नाम का समर्थन कर चुका है। शातिर मुनीर जानता है कि नोबेल शांति पुरस्कार और सीजफायर की जिद ट्रंप की कमजोरी है। ट्रंप ने अब अर्नेमिया और अजरबैजन के बीच शांति समझौता कर लिया। दोनों देशों ने 37 साल पुरानी जंग को खत्म करने का फैसला किया। इस शांति समझौते में पाकिस्तान अपने लिए अवसर देख रहा है। हमेशा की तरह पाकिस्तान कश्मीर को एक बार फिर मुद्दा बनाने की साजिश रच रहा है।

# ईरान बिना जांच किए अफगान शरणार्थियों को निकाल रहा

**तेहरान, एजेंसी।**
ईरान अफगान शरणार्थियों को उनके कानूनी दर्जे की जांच किए बिना देश से निकाल रहा है। यह आरोप ईरान के सोशल वर्कर्स ने स्थानीय प्रशासन पर लगाया है। इससे कई मामलों में गलत पहचान, परिवार बिछड़ने और डिपोर्टेशन के दौरान दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आई हैं। तेहरान के गवर्नर मोहम्मद सादिक मोतमेदीयान ने बताया कि पिछले 100 दिनों में 10 लाख से ज्यादा अफगानों को निकाला गया है। इनमें से 4 लाख सिर्फ तेहरान प्रांत से हैं।

ईरान के सोशल वर्कर्स एसोसिएशन के प्रमुख हसन मूसेवी चेलिक ने बताया, हाल के दिनों में अफगान शरणार्थियों को निकालते वक्त अधिकारियों ने कानूनी और गैरकानूनी प्रवासियों में फर्क नहीं किया। ईरान ने मार्च 2025 में ऐलान किया था कि अवैध रूप से रह रहे अफगान प्रवासी 6 जुलाई तक देश छोड़ दें, नहीं तो उन्हें जबरन निकला जाएगा। ईरानी अधिकारियों ने दावा किया कि अफगानी इजराइल और अमेरिका के लिए जासूसी, आतंकी हमले और ड्रोन बनाने में शामिल हैं।

न्यूयॉर्क टाइम्स को लोगों ने बताया कि उनके पास न तो पर्याप्त सामान है और न ही भविष्य की कोई उम्मीद। 42 साल तक ईरान में मजदूरी करने वाले मोहम्मद अखुंदजादा ने कहा, मैंने 42 साल तक ईरान में मेहनत की, मेरे घुटने टूट गए और अब मुझे क्या मिला ईरान से निर्वासित हुए एक अफगान शरणार्थी बशीर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि अधिकारियों ने उससे 17 हजार रुपए मांगे। फिर



दो दिन डिटेंशन सेंटर में रखा। इस दौरान न खाना दिया गया और न ही पानी। बशीर के मुताबिक अधिकारी उसे गालियां देते थे। एक दूसरे युवक ने बताया कि उसके पिता को जासूसी के आरोप में पकड़कर कैद कर दिया गया। उन्हें खाना-पानी नहीं दिया गया और बाद में डिटेन करके अफगानिस्तान भेज दिया। द गार्जियन से बात करते हुए एक अफगान महिला ने बताया कि, ईरानी अधिकारी रात में आए। उन्होंने बच्चों के कपड़े तक नहीं लेने दिए। हमें कूड़े की तरह फेंक दिया। रास्ते में बैंक कार्ड से पैसे निकाल लिए। पानी की बोतल के 80 रुपए और सैंडविच के 170 रूपए वसूले। ईरान में अफगानों के खिलाफ नस्लीय हमले बढ़े इजराइल के साथ युद्ध के बाद ईरान में अफगानों के खिलाफ नस्लीय हमले बढ़ गए हैं। कई अफगानों ने बताया कि उन्हें गालियां दी गई, चाकू से हमले हुए और उनकी मजदूरी तक छीन ली गई। बैंकों, स्कूलों, अस्पतालों और दुकानों ने भी अफगानों को सेवा देने से मना कर दिया है। एब्राहिम कादेरी ने मीडिया को बताया कि वो तेहरान में एक कार्डबोर्ड फैक्ट्री में काम करते थे, वहां कुछ लोगों ने उन्हें गंदा अफगान कहकर पीटा और चाकू से घायल कर दिया। उनकी मां गुल दास्ता फजिली ने कहा कि चार अस्पतालों ने उनके बेटे का इलाज करने से इनकार कर दिया, क्योंकि वह अफगान था। 35 साल की फराह, जो तेहरान में कंप्यूटर इंजीनियर हैं, ने बताया कि पड़ोस के युवकों ने उन पर और उनके 4 साल के बेटे पर हमला किया। बिना मां-बाप के नाबालिगों को निकाल रहा ईरान ईरान से निकाले गए लोगों में सैकड़ों नाबालिग बच्चे हैं, जिनमें कई अनाथ और अकेले हैं। ह के अनुसार, हर हफ्ते सैकड़ों बच्चों को बिना अभिभावकों के सीमा पर पाया जा रहा है। अफगानिस्तान के पश्चिमी सीमा पर इस्लाम कला नामक शहर में एक भीड़भाड़ वाला प्रोसेसिंग सेंटर है, जहां निकाले गए लोगों को रखा जा रहा है।

इन शरणार्थियों की वापसी से अफगानिस्तान की पहले से खराब अर्थव्यवस्था और बिगड़ रही है। ईरान में रहने वाले अफगान अपने परिवारों को पैसा भेजते थे, जो अब बंद हो गया है। अफगानिस्तान की 4.1 करोड़ आबादी में से आधी से ज्यादा पहले ही मानवीय सहायता पर निर्भर है। बेरोजगारी, आवास और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी ने हालात को और गंभीर बना दिया है। इस्लाम कला में हर दिन 20,000 से 25,000 लोग सीमा पार कर रहे हैं।

## इस्राइल की सेना बड़े हमलों का जवाब देने के लिए हो रही तैयार, अचानक शुरू किया डॉन अभ्यास

**तेल अवीव, एजेंसी।**


हमास और हिजबुल्ला को जवाब दे रही इस्राइल की सेना अब बड़े हमलों का जवाब देने के लिए तैयार हो रही है। इस्राइल रक्षा बलों ने रविवार को अपने मुख्यालय और मुख्य कमांड केंद्रों की तैयारी का परीक्षण करने के लिए अचानक डॉन अभ्यास शुरू किया। इस अभियान की कमान चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल इयाल जमीर कर कर रहे है।

इस्राइली मीडिया के मुताबिक अभ्यास का उद्देश्य बड़े पैमाने पर हमलों का त्वरित और प्रभावी ढंग से जवाब देने की आईडीएफ की क्षमता का मूल्यांकन करना है। सेना ने बताया कि इस अभ्यास में सभी संभावित युद्ध के मैदानों में आश्चर्यजनक परिदृश्य और बहु-दृश्य कार्यक्रम शामिल हैं। आईडीएफ नियंत्रक ब्रिगेडियर जनरल (सेवानिवृत्त) ओफर सारिग्म और उनकी टीम इस अभ्यास की देखरेख कर रही है। यह टीम गुणवत्ता और क्षमता दोनों के संदर्भ में आईडीएफ की प्रतिक्रिया समय का निरीक्षण और मूल्यांकन कर रही है। कमांड, शाखाओं और इकाइयों में ऑडिट गतिविधियों की एक श्रृंखला जारी रखेगा और शुरू करेगा। यह अभ्यास कई मोर्चों पर आईडीएफ के चल रहे अभियानों के बीच हो रहा है। सबसे हालिया हमला शनिवार रात हुआ, जब आईडीएफ ने दक्षिणी लेबनान के अयनाटा इलाके में एक हिजबुल्ला लड़ाके को निशाना बनाया। सेना ने कहा कि वह व्यक्ति इस्राइल की सेना के बारे में खुफिया जानकारी इकट्ठा कर रहा था। इससे पहले इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ ने गाजा में अभियान को आगे बढ़ाने के विकल्प प्रस्तुत किए। सेना ने एक्स पर लिखा कि बैठक तीन घंटे से ज्यादा समय तक चली और इसमें आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ ने कार्रवाई के विभिन्न विकल्पों पर एक प्रस्तुति भी दी।

## फलस्तीनी समूह पर प्रतिबंध से जुड़े नए कानून के खिलाफ प्रदर्शन, 200 लोग गिरफ्तार

**ब्रिटेन, एजेंसी।**
शनिवार को संसद भवन के बाहर 500 से अधिक प्रदर्शनकारी जमा हो गए, और कई प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को उन्हें गिरफ्तार करने की चुनौती दी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की।

ब्रिटेन में फलस्तीन समर्थक समूह पर लगाए गए प्रतिबंध पर पुनर्विचार के लिए सरकार पर दबाव बनाने के वास्ते जानबूझकर कानून का उल्लंघन करने के आरोप में शनिवार को 200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया।

संसद ने जुलाई की शुरुआत में 'पैलेस्टाइन एक्शन' नामक समूह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून पारित किया था। यह प्रतिबंध इसलिए लगाया गया था क्योंकि समूह के कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर ब्रिटेन की वायुसेना के अड्डे में घुसकर दो विमानों को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

कार्यकर्ता गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों का समर्थन करने के लिए ब्रिटेन के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे है। समूह के समर्थकों का कहना है कि इस कानून के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अवैध रूप से पाबंदी लगाई गई है।

शनिवार को संसद भवन के बाहर 500 से अधिक प्रदर्शनकारी जमा हो गए, और कई प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को उन्हें गिरफ्तार करने की चुनौती दी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्टर ले रखे थे जिन पर लिखा था, ÷मैं नरसंहार का विरोध करता हूं। मैं पैलेस्टाइन एक्शन का समर्थन करता हूं।÷

## आईएसएस में पांच महीने बिताने के बाद चार अंतरिक्ष यात्री धरती पर लौटें

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
स्टारलाइनर के फंसे हुए परीक्षण पायलटों की मदद करने के लिए लगभग पांच महीने पहले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पहुंचे चार अंतरिक्ष यात्री शनिवार को पृथ्वी पर लौट आए। उनका स्पेसएक्स कैप्सूल, चक्कर लगा रही प्रयोगशाला से प्रस्थान करने के एक दिन बाद, दक्षिणी कैलिफोर्निया तट से प्रशांत महासागर में पैराशूट से उतरा।

स्पेसएक्स मिशन कंट्रोल ने रेडियो पर प्रसारित किया, ''घर में आपका स्वागत है।'' नासा की एनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापान के ताकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव धरती पर उतरे। इन्हें मार्च में स्टारलाइनर के असफल प्रदर्शन के लिए नियुक्त किए गए दो नासा अंतरिक्ष यात्रियों की जगह लेने के लिए भेजा गया था।

स्टारलाइनर में खराबी के कारण बुच



विल्मोर और सुनीता विलियम्स एक हफ़्ते के बजाय नौ महीने से ज़्यादा समय तक अंतरिक्ष केंद्र पर फंसे रहे। नासा ने बोइंग के नए क्रू कैप्सूल को खाली वापस लौटने का आदेश दिया और दोनों को स्पेसएक्स में स्थानांतरित कर दिया।

यह स्पेसएक्स का अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर प्रशांत क्षेत्र में उतरने का तीसरा मिशन था जबकि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के किसी चालक दल के लिए 50 वर्षों में यह पहला अभियान था।

एलन मस्क की कंपनी ने इस साल की शुरुआत में अंतरिक्ष यात्रियों को फ्लोरिडा से सटे अटलांटिक महासागर में अंतरिक्ष यात्रियों को उतराने के बजाय कैलिफ़ोर्निया के तट पर प्रशांत महासागर में उतारने की शुरुआत की थी ताकि आबादी वाले इलाकों में मलबा गिरने का खतरा कम हो सके। नासा के अंतरिक्ष यात्री आखिरी बार 1975 के अपोलो-सोयुज मिशन के दौरान प्रशांत महासागर में उतरे थे।

## खालिस्तान से जुड़े बोर्ड लगाना नियमों के खिलाफ नहीं, चैरिटी आयोग ने ब्रिटेन के गुरुद्वारों को दी अनुमति

**ब्रिटेन, एजेंसी।**
2019 में दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के बर्कशायर काउंटी स्थित स्लो स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा का दौरा करने वाली एक भारतीय पत्रकार को परिसर के अंदर एक बड़ा खालिस्तान बोर्ड मिला। उन्होंने चैरिटी कमीशन में शिकायत दर्ज कराई, जो ब्रिटेन में चैरिटी संस्थाओं का नियमन करता है। यूनाइटेड किंगडम (यूके) के एक गुरुद्वारे को खालिस्तान शब्द वाले बोर्ड लगाने की अनुमति मिल गई है। यूके के चैरिटी क्षेत्र की निगरानी संस्था ने फैसला सुनाया है कि स्लो स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की जाँच में पाया गया है कि खालिस्तान बोर्ड देश में संचालित चैरिटी संस्थाओं के लिए राजनीतिक दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं करते हैं। यह मामला 2019 में तब उठा जब एक भारतीय पत्रकार को पूजा स्थल परिसर में एक खालिस्तान बोर्ड दिखाई दिया। हालाँकि, गुरुद्वारे की समिति ने कथित तौर पर इन पट्टिकाओं के इस्तेमाल को राजनीतिक के बजाय धार्मिक बताते हुए इसका बचाव किया। 2019 में दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के बर्कशायर काउंटी स्थित स्लो स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा का दौरा करने वाली एक भारतीय पत्रकार को परिसर के अंदर एक बड़ा खालिस्तान बोर्ड मिला। उन्होंने चैरिटी कमीशन में शिकायत दर्ज कराई, जो ब्रिटेन में चैरिटी संस्थाओं का नियमन करता है। ब्रिटेन में गुरुद्वारों को चैरिटी के रूप में पंजीकृत किया जाता है क्योंकि वे जनहित के लिए होते हैं। ब्रिटिश चैरिटी कमीशन के दिशानिर्देश किसी राजनीतिक दल या




राज्य का समर्थन करने की अनुमति नहीं देते हैं। गुरुद्वारे में खालिस्तान के बैनर या पट्टिकाएँ प्रदर्शित करने का जटिल और संवेदनशील मामला स्वतंत्र निगरानी संस्था के समक्ष समीक्षा के लिए उठाया गया था। पिछले दिसंबर में कमीशन ने गुरुद्वारे के ट्रस्टियों को 10 मार्च, 2025 तक पट्टिकाएँ हटाने का निर्देश दिया था। हालाँकि, टाइम्स ऑफ इंडिया (ञ्ञ्ढ्ढ) की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें कभी नहीं हटाया गया। इस मुद्दे को उठाए जाने के पाँच साल बाद, ब्रिटेन के आयोग ने फैसला किया है कि बोर्ड बने रह सकते हैं। आयोग ने कहा कि खालिस्तान शब्द का एक महत्वपूर्ण धार्मिक अर्थ है, जबकि कुछ लोगों के लिए यह एक राजनीतिक शब्द है। समिति ने निष्कर्ष निकाला कि यह चैरिटी अपने धार्मिक उद्देश्यों के अनुरूप काम कर रही थी, क्योंकि खालिस्तान बोर्ड किसी राजनीतिक राज्य की मांग करने वाली सामग्री का प्रचार नहीं करते थे। चैरिटी आयोग के प्रवक्ता ने कहा कि गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, स्लो के बारे में हमारे समक्ष कई प्रशासनिक चिंताएं उठाई गईं, जिसके बाद हमने इनका आगे मूल्यांकन करने और ट्रस्टियों के साथ बातचीत करने के लिए एक नियामक अनुपालन मामला खोला।

# हरमनप्रीत ने विश्व कप से पहले बताई योजना, युवराज सिंह बोले- शुरू से ही चैंपियन बनने के बारे में ना सोचें

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम मिथक तोड़कर अगले महीने शुरू हो रहे एकदिवसीय महिला विश्व कप में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अभी तक कोई विश्व खिताब नहीं जीत पाई है हालांकि कुछ अवसरों पर वह इसके करीब पहुंची थी। इसमें 2017 में इंग्लैंड में खेला गया वनडे विश्व कप भी शामिल है जिसमें भारत उपविजेता रहा था।

हरमनप्रीत ने वनडे विश्व कप ट्रॉफी के अनावरण समारोह में कहा, 'हम उस मिथक को तोड़ना चाहते हैं जिसका सभी भारतीय इंतजार कर रहे हैं। विश्व कप हमेशा खास होता है। मैं हमेशा अपने देश के लिए कुछ खास करना चाहती हूं। जब भी मैं युवी भैया (युवराज सिंह) को देखती हूं तो मुझे काफी प्रेरणा मिलती है।'

इस अवसर पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह, पूर्व कप्तान मिताली राज और हरमनप्रीत की टीम की साथी स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स भी उपस्थित थे। भारतीय टीम का हाल में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। उसने इंग्लैंड दौरे में टी20 और वनडे श्रृंखला जीती थी। वह 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले 14 सितंबर से खिताब की प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच की घरेलू श्रृंखला खेलेगी और हरमनप्रीत ने कहा कि इससे उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा।

हरमनप्रीत ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और हमें इससे अपनी स्थिति का पता चलता है। यह श्रृंखला (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे) हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं जिसके परिणाम सामने आ रहे हैं।' हरमनप्रीत ने 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 171 रन की जोरदार पारी खेल कर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। उस पारी की यादें अब भी उनके जेहन में ताजा हैं।

उन्होंने कहा, 'वह पारी मेरे और महिला क्रिकेट के लिए वाकई बहुत खास थी। उस पारी के बाद मेरे लिए बहुत कुछ बदल गया। हम भले ही फाइनल में हार गए थे लेकिन जब हम वापस लौटे तो बहुत सारे लोग हमारा इंतजार कर रहे थे और हमारा उत्साह बढ़ा रहे थे। मैं उसे याद करके आज भी रोमांचित हो जाती हूं।' वनडे विश्व कप 2011 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे युवराज ने कहा कि खिलाड़ियों को यह विश्वास रखना होगा कि वे देश के लिए मैच जीत सकते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं कहूंगा कि परिस्थिति के अनुसार खेलें, अपेक्षा के अनुसार नहीं और वर्तमान में बने रहें।'

युवराज ने कहा, 'यह इतिहास रचने का शानदार मौका है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप शुरू से ही चैंपियन बनने के बारे में सोचने लग जाओ। आपको इस पूरी प्रक्रिया को महसूस करना होगा कि हमने कड़ी मेहनत की है और परिणाम हमारे अनुकूल रहेंगे। आपको खुद पर भरोसा रखना होगा और यह विश्वास बनाए रखना होगा कि आप देश के लिए मैच जीत सकते हैं।'

रोड्रिग्स और मंधाना दोनों ने कहा कि तैयारियों के मामले में टीम के रवैये में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। रोड्रिग्स ने कहा, 'मेरी तैयारी और मानसिकता में बहुत कुछ बदल गया है। अच्छी तैयारी से मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है।' मंधाना ने कहा,




'हमारी पूरी टीम उस दिशा में बढ़ रही है जहां हमें पता है कि हमें मैदान के बाहर बहुत मेहनत करनी होगी और जब हम मैदान पर उतरते हैं, तो हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।' मिताली ने कहा कि 2017 विश्व कप महिला क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण मोड़ था। उन्होंने कहा, 'विश्व कप 2017 ने वास्तव में न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर महिला क्रिकेट को बदल दिया, क्योंकि सोशल मीडिया अपेक्षाकृत नया था (और) आईसीसी ने बड़े पैमाने पर प्रचार करने में अपनी भूमिका निभाई थी।'

आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा कि 30 सितंबर से शुरू होने वाला यह विश्व कप महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। गुप्ता ने कहा, 'यहां एक बड़ी तस्वीर है जो इस बात से जुड़ी है कि देश के लिए इसका क्या मतलब है। महिला क्रिकेट का विकास कई मायनों में देश की प्रगति का प्रतिबिंब है। पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट ने बहुत प्रगति की है और यह विश्व कप उसे नई ऊंचाई पर ले जाने का आधार बन सकता है।'

# अक्षर पटेल से छिन सकती है टी20 टीम की उप-कप्तानी, एशिया कप 2025 से पहले इसे मिलेगा मौका




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अक्षर पटेल को इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव की जगह उप-कप्तानी सौंपी गई थी। लेकिन एक रिपोर्ट के अनुसार आगामी एशिया कप के लिए उनके हाथों से टी20 टीम की उप-कप्तानी छिन सकती है। गुजरात के इस ऑलराउंडर ने बल्ले से तो कुछ खास कमाल नहीं दिखाया, लेकिन उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया और 5 मैचों में 16.50 की औसत से छह विकेट लिए।

एक रिपोर्ट के अनुसार आगामी एशिया कप के लिए भारतीय टी20 टीम में सूर्यकुमार यादव की जगह शुभमन गिल को उप-कप्तान बनाया जा सकता है। एशिया कप 9 सितंबर से 28 सितंबर तक यूएई में खेला जाएगा। शुभमन ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत का नेतृत्व किया था। पंजाब के इस बल्लेबाज ने सीरीज में 10 पारियों में 75.40 की औसत से सबसे ज्यादा 754 रन बनाए। भारत ने सीरीज 2-2 से बराबर करने के लिए काफी साहस और दृढ़ संकल्प दिखाया।

दिलचस्प बात यह है कि शुभमन ने जुलाई 2024 के बाद से टी20आई क्रिकेट नहीं खेला है। उन्होंने 21 टी20आई में 30.42 की औसत और 139.28 के स्ट्राइक रेट से 578 रन बनाए हैं। शुभमन की टीम में वापसी से अभिषेक शर्मा की शीर्ष क्रम में जगह खतरे में पड़ सकती है। संजू सैमसन के विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में खेलने और पारी की शुरुआत करने की उम्मीद है। आईपीएल में सलामी बल्लेबाजी करने वाले शुभमन भी शीर्ष क्रम में उनके साथ शामिल हो सकते हैं। यशस्वी जायसवाल भी टीम में जगह बनाने की दौड़ में हैं।

# रोहित और विराट से आगे बढ़कर युवाओं को अवसर दें चयनकर्ता : देवांग

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर और चयनकर्ता रहे देवांग गांधी ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली का भारतीय क्रिकेट में अहम योगदान रहा है। इसमें किसी को भी कोई संदेह नहीं है पर भविष्य को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) रोहित शर्मा और विराट कोहली से आगे निकलकर युवाओं को अवसर दे। देवांग के अनुसार रोहित और विराट ने भारतीय क्रिकेट को काफी आगे पहुंचाया है पर समय किसी का इंतज़ार नहीं करता। देवांग ने कहा, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, साई सुदर्शन जैसे युवाओं को आप बाहर कैसे रख सकते हैं। इस खिलाड़ियों ने साबित किया है कि वे हर प्रकार के हालातों में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। साथ ही कहा कि जब एक बार जब कोई खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर लेता है और उसके पास काफी बेहतर क्षमता आ जाती है जिसका लाभ उसे एकदिवसीय में मिलता है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि चयनकर्ता और टीम प्रबंधन एक साथ मिलकर कोई फैसला लें। ये भी देखा जाना चाहिये कि अगर रोहित और विराट को रखा जाता है तो क्या वे अगले दो साल तक खेल सकते हैं। गांधी ने कहा, अगर एक साल में हम ऐसी स्थिति में आ जाते हैं जहां उनमें से कोई एक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा है तो हमारे पास उसके जगह किसी और को शामिल करने का विकल्प होना चाहिये। कप्तानी का सवाल भी उतना ही महत्वपूर्ण है और चयनकर्ताओं को इस पर फैसला लेना होगा। शुभमन पहले ही टेस्ट मैचों में कप्तानी के लिए अपने को साबित कर चुके हैं और अपनी मौजूदा फॉर्म को देखते हुए, वह अभी देश के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाज हैं, जिनका औसत 59.04 और स्ट्राइक रेट 99.56 है।

# इंग्लैंड दौरे पर इसलिए नहीं गए मोहम्मद शमी, बीसीसीआई चयनकर्ताओं ने की खिलाड़ी से थी बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज़ मोहम्मद शमी बार-बार चोटों से जूझ रहे हैं जिससे उनके करियर के खत्म होने का खतरा मंडरा रहा है। फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण शमी को इंग्लैंड के खिलाफ भारत की 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए नहीं चुना गया था। अब नई रिपोर्ट्स सामने आई हैं, जिनमें कहा गया है कि इंग्लैंड जाने वाली टीम के चयन से पहले अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली बीसीसीआई चयन समिति ने शमी से सलाह भी ली थी। हालांकि तेज गेंदबाज़ खुद अपनी फिटनेस को लेकर आश्वस्त नहीं थे।

एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, 'सबसे पहले, उन्हें खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर नहीं किया गया। फिटनेस संबंधी समस्या ही एकमात्र कारण है जिसकी वजह से वह इंग्लैंड नहीं जा सके।' शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की 5 मैचों की सीरीज में भी शामिल नहीं थे, लेकिन फिटनेस को लेकर उनके मन में चल रहे संशय के कारण ही उन्हें इंग्लैंड जाने वाली टीम में जगह नहीं मिली।

रिपोर्ट के अनुसार सूत्र ने आगे कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में न खेल पाने के बाद इंग्लैंड सीरीज के लिए उनकी उपस्थिति बेहद जरूरी थी। चयनकर्ताओं ने टीम चुनने से पहले उनसे बात भी की थी, लेकिन वह ज्यादा आश्वस्त नहीं दिखे। उनकी तरफ से वह जरूरी आश्वासन नहीं मिला जिसकी उन्हें जरूरत थी। यह भी जानना जरूरी है कि क्या शमी खुद लंबे प्रारूप में वापसी के इच्छुक हैं।'

शमी चयन की संभावना से पूरी तरह बाहर नहीं हैं, लेकिन उनका भारतीय टीम में भविष्य 28 अगस्त से शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी में उनकी फॉर्म और फिटनेस पर निर्भर करता है। शमी के पूर्वी क्षेत्र की टीम का हिस्सा होने की उम्मीद है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा गया, 'हमें यह देखना होगा कि अगर ईस्ट जोन क्वार्टर फाइनल चरण पार कर लेता है और आगे भी प्रगति करता रहता है, तब भी क्या वह खेलेगा। क्या उसका शरीर, उसके घुटने और हैमस्ट्रिंग की चोट को देखते हुए



इसकी अनुमति देगा? रणजी मैच में वह एक स्पेल में तीन-चार ओवर फेंकता था और फिर मैदान से बाहर चला जाता था। इसलिए, क्या उसका शरीर कई दिनों तक चलने वाले मैच की कठिनाइयों को झेल पाएगा, यह एक पेचीदा सवाल है।'

# किरमानी से मिलती है नई पीढ़ी को प्रेरणा : सिराज

हैदराबाद । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सैयद किरमानी की आत्मकथा लाइफ बिहाइंड ऐंड बियॉन्ड द ट्वेंटी टू याड्र्स का हैदराबाद में विमोचन हुआ। किरमानी की आत्मकथा के विमोचन कार्यक्रम में मोहम्मद अजहरुद्दीन, मोहम्मद सिराज सहित कई हस्तियां शामिल हुईं। इस अवसर पर सिराज ने कहा कि 1983 विश्वकप विजेता टीम के सदस्य रहे किरमानी से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। सिराज ने कहा, सर जब आपने 1983 में विश्वकप जीता था तब हम पैदा तक नहीं हुए थे। इस दौरान सिराज ने कहा कि आपकी कहानी हौसला बढ़ाने वाली और प्रेरक है। मैंने कई खिलाड़ियों से सुना है कि विकेट के पीछे आपके रिफ्लेक्सेज असाधारण थे। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए सब कुछ देने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।' जवाब में इस पूर्व विकेटकीपर ने भी एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में शानदार गेंदबाजी के लिए सिराज की प्रशंसा की। किरमानी ने कहा, 'आपने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। मेरी तरफ से आपको बधाई। आपने देश को गौरव प्रदान किया है। वह आक्रामकता एकदम दिल से थी। मेरी कामना है कि आपको हर तरह की सफलता मिले।' पूर्व कप्तान अजहर ने भी किरमानी की तारीफ करते हुए कहा, यह महत्वपूर्ण है कि उन्होंने इसे हैदराबाद में भी रिलीज किया है। वह भविष्य में बहुत से विकेटकीपरों और क्रिकेटरों का मार्गदर्शन करेंगे। मैं निश्चित तौर पर सभी युवा विकेटकीपरों से उनके पास जाने की गुजारिश करूंगा क्योंकि मेरा मानना है कि वह एक बेहतरीन विकेटकपर रहे हैं।

# फिटनेस टेस्ट के लिए एनसीए पहुंचे पंड्या सेंटर, पास होने पर ही एशिया कप खेल पाएंगे



बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीए) पहुंचे। जहां अगले दो दिनों तक उनका फिटनेस टेस्ट होगा। इसमें पास होने पर ही वह अगले माह होने वाले एशिया कप में खेल पायेंगे। पंड्या ने 2024 टी-20 विश्व कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। एशिया कप 9 सितंबर से शुरु होगा। पंड्या से पहले बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने 27 से 29 जुलाई के बीच अपना फिटनेस टेस्ट पूरा किया था। श्रेयस ने दिसंबर 2023 से ही भारतीय टीम की ओर से कोई भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। ऐसे में देखना है कि क्या चयनकर्ता उन्हें शामिल करते हैं या नहीं। वहीं भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। सूर्यकुमार की जून में म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई थी। वह भी अगले एक सप्ताह तक एनसीए में ही रहेंगे और फिजियो-मेडिकल टीम की निगरानी में फिटनेस हासिल करने का प्रयास करेंगे। भारत की मेजबानी में यूएई में 9 से 28 सितंबर तक होने वाले टूर्नामेंट में भारतीय टीम को पाकिस्तान से भी 14 अक्टूबर को खेलना है। इस मैच का हालांकि काफी विरोध हो रहा और प्रशंसकों का कहना है कि टीम को पाक से नहीं खेलना चाहिये। दोनों टीमें टूर्नामेंट में तीन बार तक आमने-सामने आ सकती हैं एशिया कप में भारतीय टीम का पहला मुकाबला 10 सितंबर को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से होगा।

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर की

**तरौबा (त्रिनिदाद एंड टोबैगो) (एजेंसी)।** रॉस्टन चेज़ और जस्टिन ग्रीव्स की शानदार साझेदारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने सोमवार को (भारतीय समयानुसार) वर्षा बाधित दूसरे वनडे में पाकिस्तान को 10 गेंद शेष रहते पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली।

चेज़ ने 47 गेंदों पर नाबाद 49 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और विजयी चौका शामिल था। वेस्टइंडीज ने 33.2 ओवर में पांच विकेट पर 184 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। मेज़बान टीम को बारिश के कारण डीएलएस पद्धति से 35 ओवर में 181 रन का संशोधित लक्ष्य मिला था। पाकिस्तान की पारी 37 ओवर में सात विकेट पर 171 रन पर सिमटी। तेज़ गेंदबाज़ जेडन सील्स ने सात ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने 18वें ओवर तक तीन विकेट पर 101 रन बनाए थे, लेकिन 24वें ओवर तक स्कोर 111/5 हो गया। इस दौरान शेरफेन रदरफोर्ड 33 गेंदों पर 45 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें तीन छक्के और चार चौके शामिल थे। चेज़ और ग्रीव्स (31 गेंदों पर नाबाद 26) ने छठे विकेट के लिए 77 रनों की नाबाद साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाज़ी चुनी। पाकिस्तान के लिए हसन नवाज़ ने 30 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाए, जिसमें तीन छक्के शामिल थे – दो छक्के आखिरी ओवर में आए, जिसके बाद बारिश ने खेल रोक दिया। हुसैन तलत ने 32 गेंदों पर 31 रन जोड़े। कप्तान मोहम्मद रिज़्वान 38 गेंदों पर 16 रन बनाकर गुडकैश मोटी की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हुए।

गौरतलब है कि शुक्रवार को खेले गए पहले वनडे में पाकिस्तान ने भी वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया था। सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला मंगलवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा। इससे पहले फ्लोरिडा में खेली गई टी20 सीरीज पाकिस्तान ने 2-1 से जीती थी।



# बार्सिलोना ने कोमो को 5–0 से हराकर जीती जोआन गैम्पर ट्रॉफी




बार्सिलोना। मौजूदा स्पेनिश चैंपियन बार्सिलोना ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) इटली की टीम कोमो को 5–0 से मात देकर अपने प्री–सीज़न की तैयारी पूरी की और जोआन गैम्पर ट्रॉफी अपने नाम की। इस मैच ने गोलकीपर मार्क–आंद्रे टेर स्टेगन और क्लब के बीच रिश्तों में आई तल्खी को भी कम करने का संकेत दिया। मैच में फ़रमिन लोपेज़ और लामिन यामाल ने दो–दो गोल दागे, जबकि ब्राज़ीली राफिन्हा ने पहला गोल किया। यह मुकाबला जोहान क्रूइफ़ स्टेडियम में खेला गया, क्योंकि कैम्प नोउ के आधुनिकीकरण का काम अभी जारी है। हांसी फ़्लिक की टीम ने लीग खिताब बचाने की तैयारी में जबरदस्त लय दिखाई। मैच से पहले टेर स्टेगन ने पारंपरिक कप्तानी संबोधन किया। हाल ही में उनकी पीठ की चोट को लेकर क्लब से विवाद सामने आया था, लेकिन 33 वर्षीय जर्मन गोलकीपर ने कहा, 'क्लब और मेरे बीच मुद्दा सुलझाना ज़रूरी था, अब आगे देखने का समय है। हम सभी ट्रॉफियों के लिए फिर से लड़ेंगे और उम्मीद है आपकी मदद से सभी खिताब जीतेंगे।' दो दिन पहले ही उन्हें कप्तानी वापस सौंपी गई थी। बार्सिलोना ने इंग्लिश फॉरवर्ड मार्कस रैशफोर्ड को भी बतौर सब्स्टीट्यूट मौका दिया, जो दो हफ्ते पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड से लोन पर टीम में शामिल हुए थे। रैशफोर्ड ने राफिन्हा के गोल में असिस्ट किया, लेकिन एक आसान मौके पर खाली गोल में गेंद डालने से चूक भी गए।

# रोनाल्डो के दो गोल बेकार, प्री-सीजन फ्रेंडली में अलमेरिया ने अल नास्त्र को 3-2 से हराया

**अलमेरिया (स्पेन) (एजेंसी)।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के शानदार दो गोल भी अल नास्त्र को हार से नहीं बचा सके। सऊदी प्रो लीग क्लब अल नास्त्र को रविवार को ला लीगा 2 की टीम यूडी अलमेरिया के खिलाफ प्री-सीजन फ्रेंडली मुकाबले में 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

मैच की शुरुआत में ही 6वें मिनट में सर्जियो अरीबास ने लियो बैप्टिस्टाओ के पास पर गोल कर अलमेरिया को बढ़त दिला दी। हालांकि, 11वें मिनट में आयमन यह्या और सादियो माने के बेहतरीन वन-टच पासिंग मूव पर रोनाल्डो ने पेनल्टी बॉक्स के भीतर से गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया।

पहले हाफ में ही रोनाल्डो ने अपना दूसरा




गोल भी किया। गोलकीपर अल्वारो फर्नांडीज द्वारा बॉक्स में फाउल करने पर मिली पेनल्टी को उन्होंने आसानी से गोल में बदल दिया। इस तरह रोनाल्डो ने दो मैचों में कुल पांच गोल पूरे किए।

लेकिन अल नास्त्र के गोलकीपर नवाफ अल-अकीदी की एक बड़ी गलती ने टीम को मुश्किल में डाल दिया। बॉक्स से बाहर निकलकर पास काटने के प्रयास में उन्होंने गेंद सीधे एड्रियन एम्बार्बा को दे दी, जिसने खाली गोल में गेंद डालकर स्कोर बराबर कर दिया।

दूसरे हाफ में रोनाल्डो को सब्स्टीट्यूट करने के बाद अल नास्त्र का आक्रमण कमजोर पड़ गया। अलमेरिया के एम्बार्बा ने अरीबास के पास पर शानदार शॉट लगाकर टीम को निर्णायक बढ़त दिलाई। मैच के अंतिम मिनटों में जोआओ फेलिक्स को बराबरी का मौका मिला, लेकिन वह दाईं ओर से आए लो क्रॉस पर अंतिम टच नहीं दे सके और अल नास्त्र को हार का सामना करना पड़ा।

# क्रिस्टल पैलेस ने लिवरपूल को पेनल्टी शूटआउट में हराकर जीता कम्युनिटी शील्ड का खिताब

लंदन। लंदन के वेम्बली स्टेडियम में रविवार को खेले गए कम्युनिटी शील्ड मुकाबले में क्रिस्टल पैलेस ने प्रीमियर लीग चैम्पियन लिवरपूल को 3–2 से पेनल्टी शूटआउट में हराकर खिताब अपने नाम किया। निर्धारित समय में मैच 2–2 से ड्रॉ रहा। गोलकीपर डीन हेंडरसन ने एक बार फिर अपनी पेनल्टी बचाने की शानदार क्षमता दिखाई, जैसा उन्होंने एफए कप फाइनल में भी किया था। सब्स्टीट्यूट जस्टिन डेवेनी ने निर्णायक पेनल्टी गोल कर पैलेस को जीत दिलाई। लिवरपूल की ओर से मोहम्मद सालाह ने पहली पेनल्टी बार के ऊपर मार दी, जबकि हेंडरसन ने एलेक्सिस मैक एलिस्टर और हार्वे एलियट के शॉट रोक दिए। मैच की शुरुआत में ही लिवरपूल ने बढ़त बनाई। चौथे मिनट में नए



खिलाड़ी ह्यूगो एकीटीके ने फ्लोरियन विट्ज़ के साथ बेहतरीन तालमेल के बाद गोल किया। 17वें मिनट में वर्जिल वान डाइक के फाउल पर मिले पेनल्टी को जीन-फिलिप माटेटा ने गोल में बदलकर पैलेस को बराबरी दिलाई। 20वें मिनट में जेरमी फ्रिमपोंग ने लिवरपूल के लिए दूसरा गोल किया, जो क्रॉस की कोशिश के दौरान पोस्ट से टकराकर गोल में चला गया। इसके बाद एकीटीके ने दूसरे हाफ में लिवरपूल की बढ़त बढ़ाने के दो मौके गंवाए।

# आईपीएल 2026 खेलने पर धोनी ने दी बड़ी अपडेट, घुटनों में जो दर्द होता है उसका ख्याल कौन रखेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 सीजन को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या एमएस धोनी चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने के लिए वापसी करेंगे या नही। घुटने के दर्द से लगातार जूझने के बावजूद लंबे समय से कप्तान रहे धोनी ने लगातार अपनी टीम को प्राथमिकता दी है और उन्हें पांच चैंपियनशिप दिलाई है। हालांकि आईपीएल 2025 में ष्टस्य अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही। जिससे यह अनिश्चित है कि धोनी एक खिलाड़ी के रूप में आईपीएल 2026 में खेलेंगे या नहीं।

धोनी ने हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में अपने भविष्य को लेकर चल रही अटकलो पर बात की। अपनी योजनाओ पर चर्चा करते हुए 2011 विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि आईपीएल 2026 में खेलने के बारे में फैसला लेने के लिए उनके पास अभी भी काफी समय है। उनकी इस टिप्पणी ने प्रशंसको और क्रिकेट पंडितो को यह देखने के लिए उत्सुक कर दिया है कि क्या वह एक और सीजन के लिए पीली जर्सी पहनेंगे।

धोनी ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मैं खेलूंगा या नहीं। मेरे पास फैसला करने के लिए समय है। मेरे पास दिसंबर तक का समय है इसलिए मैं कुछ और महीने लूंगा और फिर आखिरकार मैं अपना फैसला ले पाऊंगा।' यह बातचीत तब हुई जब एक प्रशंसक ने उत्साह से चिल्लाते हुए कहा, 'आपको खेलना ही होगा, सर' और इस तरह एमएस धोनी ने वापसी की उनकी तीव्र इच्छा व्यक्त की। अपने भविष्य के बारे में पूछे गए सवालो का जवाब देते हुए, एमएस धोनी ने अपने घुटनो के दर्द को मजाकिया अंदाज में बताया। धोनी ने जवाब दिया, 'अरे, घुटनों में जो दर्द होता है, उसका ख्याल कौन रखेगा।'

गौर है कि 2023 में सीएसके की खिताबी जीत के बाद, धोनी ने मुंबई में घुटने की सर्जरी करवाई। वह पूरे सीजन में अपनी चोट से जूझते रहे और 2024 सीजन की शुरुआत से पहले खुद को ठीक होने के लिए पर्याप्त समय देने के लिए उन्होंने टूर्नामेंट के बाद सर्जरी करवाने का फैसला किया। पिछले दो आईपीएल सीजन में उनकी घुटने की चोट उनके बल्लेबाजी क्रम में एक अहम भूमिका निभाती रही है, क्योंकि विकेट के बीच उनकी गति में कमी के कारण उन्होंने लगातार निचले क्रम में बल्लेबाजी की है।



# शेयर बाजार की अस्थिरता के बीच म्युचुअल फंडों का इक्विटी निवेश जारी

**- जुलाई 2025 में म्युचुअल फंडों ने 47,000 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर खरीदे**

नई दिल्ली ।

वैश्विक व्यापार के उतार-चढ़ाव के बावजूद म्युचुअल फंडों का इक्विटी में निवेश लगातार बढ़ रहा है। जुलाई 2025 में म्युचुअल फंडों ने 47,000 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर खरीदे, जो पिछले महीने की तुलना में लगभग 8 फीसदी ज्यादा है। इस खरीदारी ने बाजार को आंशिक सहारा दिया, खासकर तब जब विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने लगभग 20,000 करोड़ रुपये की बिकवाली की। जुलाई माह में शेयर बाजार में काफी उथल-पुथल देखी गई। निफ्टी और सेंसेक्स दोनों प्रमुख सूचकांक करीब 3 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए, जिससे चार महीने की बढ़त का सिलसिला टूट गया। पिछले चार महीनों में ये सूचकांक लगभग 15 फीसदी बढ़ चुके थे। निफ्टी स्मॉलकैप 100 और निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांकों में क्रमशः 6.7 फीसदी और 4 फीसदी की गिरावट आई। यह गिरावट पिछले चार महीनों की 20 फीसदी से अधिक की तेजी के बाद आई है। 2025 की पहली सात महीनों में म्युचुअल फंडों ने इक्विटी में कुल 2.8 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया, जो कि 2024 की समान अवधि के 2.2 लाख करोड़ रुपये से काफी अधिक है। म्युचुअल फंडों की शुद्ध इक्विटी खरीद का पैमाना मुख्यतः इक्विटी और हाइब्रिड योजनाओं में निवेश तथा योजनाओं की नकदी होल्डिंग में बदलाव पर निर्भर करता है। हालांकि, ऐक्टिव इक्विटी योजनाओं में निवेश हाल के महीनों में कम हुआ है। पहली छमाही में शुद्ध निवेश औसतन 26,800 करोड़




रुपये रहा, जो पिछले छह महीनों के 38,100 करोड़ रुपये से कम है। यह संकेत देता है कि निवेशक अब ज्यादा सतर्क होकर और सोच-समझ कर निवेश कर रहे हैं। कुल मिलाकर, बाजार की अस्थिरता के बावजूद म्युचुअल फंड इक्विटी निवेश में विश्वास बनाए हुए हैं, हालांकि निवेश की प्रकृति में संतुलन और सतर्कता बढ़ी है।

## अगस्त में ही कार कंपनियों ने दी भारी छूट

**नए मॉडल से पहले स्टॉअगस्त में ही कार कंपनियों ने दी भारी छूट**

नई दिल्ली ।

कार कंपनियों ने त्योहारों से पहले अपने पुराने स्टॉक को निकालने के लिए अगस्त में ही भारी छूट देना शुरू कर दिया है। रक्षाबंधन और गणेश चतुर्थी जैसे त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कंपनियां यात्रियों को आकर्षित करने के लिए 40,000 से 1 लाख तक की छूट दे रही हैं। इस बार कंपनियां मुख्य रूप से कम बिकने वाले मॉडलों और पिछले मॉडल-वर्ष की कारों पर छूट दे रही हैं। लोकप्रिय हैचबैक और सिडान कारों पर 40,000 से 80,000 तक का लाभ मिल रहा है, जबकि चुनिंदा एसयूवी और एमपीवी पर 1 लाख से अधिक की छूट दी जा रही है। डीलरों का कहना है कि यह रणनीति बढ़ती ब्याज दरों और कमजोर मांग के बीच ग्राहकों को राहत देने के लिए अपनाई गई है। जुलाई में कारों की बिक्री में मामूली मासिक बढ़त जरूर हुई, लेकिन पिछले साल की तुलना में गिरावट आई है। अब सभी मॉडलों पर नहीं बल्कि चुनींदा कारों पर टारगेटेड ऑफर दिए जा रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि कंपनियां



लाभप्रदता बनाए रखते हुए बिक्री बढ़ाने पर ध्यान दे रही हैं। सितंबर से नवंबर के बीच यदि खुदरा मांग में सुधार होता है तो साल के अंत तक इन छूटों में कटौती संभव है। खरीदारों के लिए अभी कार खरीदना फायदेमंद साबित हो सकता है।

## अमेरिका के 50 फीसदी शुल्क बढ़ाने पर भारत ने निर्यातकों के लिए उठाए कदम



नई दिल्ली ।

अमेरिका द्वारा भारत से आयातित उत्पादों पर 50 फीसदी शुल्क बढ़ाने की घोषणा के बाद भारत सरकार ने निर्यात क्षेत्र को हुए संभावित नुकसान से निपटने के लिए तुरंत कदम उठाना शुरू कर दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे प्रमुख निर्यातक राज्यों को श्रम-आधारित उद्योगों के लिए विशेष समर्थन देने का निर्देश दिया है। सरकार की एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अमेरिका की इस निर्णय से इन राज्यों में रोजगार पर गंभीर असर पड़ सकता है। इसलिए सरकार निर्यातकों को राहत देने के विकल्प तलाश रही है और संबंधित राज्यों को जल्द ही इसके लिए औपचारिक पत्र भी भेजेगी। वित्त वर्ष 2025 में भारत का कुल निर्यात 437 अरब डॉलर रहा, जिसमें गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी करीब तीन चौथाई थी। गुजरात का निर्यात पेट्रोलियम उत्पाद, अभियांत्रिकी सामान, रत्न एवं आभूषण, और परिधान में केंद्रित है। महाराष्ट्र में अभियांत्रिकी सामान, रत्न-आभूषण, रसायन, कृषि उत्पाद और परिधान का वर्चस्व रहा। वहीं, तमिलनाडु से अभियांत्रिकी सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा और चमड़ा निर्यात प्रमुख रहे हैं। शेष रूप से परिधान और चमड़ा से जुड़े उत्पादों को अमेरिकी शुल्क वृद्धि से सबसे ज्यादा नुकसान होने की आशंका है। निर्यातकों ने भी इस कदम को गंभीर चुनौती बताया है। सरकार ने एक तीन-सूत्री रणनीति तैयार की है, जिसमें 2,250 करोड़ रुपये के निर्यात संवर्द्धन अभियान के तहत क्षेत्र-आधारित योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा अधिशेष उत्पादों के लिए वैकल्पिक विदेशी बाजार खोजे जाएंगे और जो उत्पाद बचेंगे, उन्हें घरेलू बाजार में लगाया जाएगा।

## जुलाई में किराना दुकानों और सुपरमार्केट में 3 अरब यूपीआई लेनदेन




नई दिल्ली ।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2025 में किराना दुकानों और सुपरमार्केट में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से तीन अरब से अधिक लेनदेन किए गए, जिनकी कुल राशि 64,881.98 करोड़ रही। यह पहली बार है जब एनपीसीआई ने इतनी विस्तृत श्रेणीवार जानकारी साझा की है।

एक समीक्षा से पता चलता है कि लेनदेन की मात्रा के आधार पर किराना और सुपरमार्केट की श्रेणी ने जुलाई में कुल पीयर-टु-मर्चेंट यूपीआई लेनदेन का लगभग एक चौथाई हिस्सा दर्ज किया।

वहीं ऋण वसूली एजेंसियां मूल्य के आधार पर शीर्ष पर रहीं, जिन्होंने 16.13 करोड़ लेनदेन के जरिये 93,857 करोड़ की वसूली की। यह दर्शाता है कि यूपीआई अब केवल खरीदारी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि वित्तीय सेवाओं में भी इसका उपयोग बढ़ रहा है। जुलाई में यूपीआई के जरिए कुल 19.46 अरब लेनदेन हुए, जिनकी कुल राशि 25.08 लाख करोड़ रही। इनमें से 63.63 फीसदी लेनदेन व्यापारियों को किए गए, जबकि शेष व्यक्ति-से-व्यक्तिलेनदेन थे। व्यापारी लेनदेन की संख्या 12.38 अरब रही, जिनका मूल्य 7.34 लाख करोड़ रहा। यूपीआई से भुगतान की प्रमुख श्रेणियों में राशन, दवा, ईंधन, रेस्तरां, बिजली और अन्य जरूरी सेवाएं शामिल हैं। हर 10 में से 7 लेनदेन इन्हीं श्रेणियों में किए जाते हैं।

एनपीसीआई समय-समय पर ऐसे आंकड़े जारी करता है ताकि बैंक, फिनटेक और अन्य वित्तीय संस्थाएं डिजिटल भुगतान के बदलते रुझानों को समझ सकें और अपनी रणनीतियां तय कर सकें।

# भारतीय आईटी कंपनियों में वरिष्ठ कर्मचारियों पर बढ़ता दबाव, हजारों की छंटनी

**- 7,000 से अधिक वरिष्ठ कर्मचारी कंपनी छोड़ चुके**

नई दिल्ली ।

भारतीय आईटी सेक्टर में वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों पर दबाव तेज होता जा रहा है। धीमी कारोबारी गति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव के चलते कंपनियां खर्च कम करने के लिए मझोले स्तर के कर्मचारियों की जगह वरिष्ठ कर्मियों पर भी कार्रवाई कर रही हैं। एक्सफेनो के आंकड़ों के मुताबिक, देश की सात बड़ी आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस), इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक, कॉग्निजेंट, एलटीआईमाइंडट्री और टेक महिंद्रा में पिछले एक साल में 15 साल से अधिक अनुभव वाले 7,000 से अधिक वरिष्ठ कर्मचारी कंपनी छोड़ चुके हैं। यह कुल वरिष्ठ कर्मचारियों का लगभग 4 प्रतिशत है। छंटनी के बाद निकाले गए कर्मचारियों में लगभग 43 प्रतिशत ने दूसरी बड़ी या मझोली आईटी कंपनियों में नौकरी हासिल की है, जबकि 48 प्रतिशत ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) में वरिष्ठ पदों पर स्थानांतरित हुए हैं। बाकी कर्मचारी गैर-जीसीसी या अन्य तकनीकी व गैर-तकनीकी कंपनियों में गए हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं कि कितने



कर्मचारी स्वेच्छा से निकले और कितनों को कंपनी ने नौकरी से मुक्त किया।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 23 पैसे की गिरावट के साथ ही 87.73 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह शुरुआती कारोबार में भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे मजबूत होकर 87.50 पर पहुंच गया। वहीं गत शुक्रवार को रुपया 87.58 पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, डॉलर में कमजोरी और वैश्विक घटनाक्रमों के प्रति निवेशकों की सतर्कता ने रुपये को मजबूती प्रदान की। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.56 पर खुला और थोड़ी ही देर में 87.50 के स्तर पर पहुंच गया। विशेषज्ञों का मानना है कि रुपया सोमवार के सत्र में 87.25 से 87.80 के दायरे में रह सकता है। इस मजबूती के पीछे प्रमुख कारण अमेरिकी डॉलर में कमजोरी है। डॉलर सूचकांक, जो छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को दिखाता है, 0.11 फीसदी गिरकर 98.07 पर आ गया। इसके अलावा, रूस और अमेरिका के बीच संभावित वार्ता की उम्मीदों ने निवेशकों को थोड़ी राहत दी है। कच्चे तेल की कीमतों में भी गिरावट दर्ज की गई, जो रुपये के लिए सकारात्मक संकेत है। वहीं, शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,932.81 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जिससे बाजार में सकारात्मक भावना बनी हुई है।




## एयर इंडिया ने शुरू की बोइंग 787 विमानों की रेट्रोफिटिंग

**नयी दिल्ली ।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमानों की रेट्रोफिटिंग शुरू हो गई है। कंपनी ने बताया कि 26 बी 787-8 विमानों की रेट्रोफिटिंग (विमान में नये उपकरण या कलपुर्जे आदि जोड़ने का काम) की उसकी योजना है। इसके लिए पहला विमान जुलाई में अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित बोइंग के केंद्र में गया था और अब उसकी रेट्रोफिटिंग शुरू हो गयी है। इसी उद्देश्य के लिए अक्टूबर में एक और विमान कैलिफोर्निया जायेगा और दोनों के दिसंबर तक वापस परिचालन के लिए आने की उम्मीद है।

## बेमौसम बारिश से एयर कंडीशनर कंपनियों के राजस्व में 34 फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली ।** बेमौसम बारिश और पिछली तिमाही के उच्च आधार के कारण जून तिमाही में सूचीबद्ध रूम एयर कंडीशनर (आरएसी) कंपनियों के राजस्व में भारी गिरावट दर्ज की गई है। वोल्टास, ब्लू स्टार, हैवेल्स जैसे प्रमुख ब्रांडों के राजस्व में 13 से 34 प्रतिशत तक की कमी आई है, जिससे उनके मुनाफे और संचालन पर अल्पकालिक दबाव महसूस हुआ है। वोल्टास ने तिमाही में अपने आरामदायक और व्यावसायिक उपयोग वाले उत्पादों से 24.57 फीसदी की गिरावट के साथ 2,868 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया। वहीं, हैवेल्स के लॉयड्स व्यवसाय का राजस्व 34.4 फीसदी घटकर 1,262 करोड़ रुपये रह गया। कंपनियों के अनुसार, 2025 की गर्मी देर से आई, हल्की और अचानक समाप्त हो गई, जिससे एयर कंडीशनर की मांग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। पिछले साल इसी तिमाही में तेज और भीषण गर्मी के कारण रिकॉर्ड बिक्री हुई थी, जो इस बार उच्च आधार के रूप में सामने आया और गिरावट को और बढ़ा दिया। हालांकि, कुछ निर्माताओं ने बताया कि उनके वाणिज्यिक एयर कंडीशनिंग व्यवसाय ने बेहतर प्रदर्शन किया है, जो इस गिरावट को आंशिक रूप से कम करता है।

## सीसीआई ने आरसीएफ पर महाराष्ट्र में जबरन उत्पाद बिक्री की जांच शुरू की

**नई दिल्ली ।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने सरकारी कंपनी राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स (आरसीएफ) के खिलाफ महाराष्ट्र में यूरिया के साथ अन्य उत्पादों की कथित जबरन बिक्री को लेकर जांच का आदेश दिया है। एक शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरसीएफ किसानों और डीलरों पर दबाव डाल रही है कि वे यूरिया के साथ गैर-सरकारी सब्सिडी वाले उत्पाद भी खरीदें। सीसीआई ने कहा है कि यह व्यवहार प्रतिस्पर्धा अधिनियम के तहत 'प्रभावशाली स्थिति के दुरुपयोग' और 'प्रतिस्पर्धा-विरोधी समझौतों' के नियमों का उल्लंघन हो सकता है। आयोग ने अपनी जांच शाखा को 60 दिनों में रिपोर्ट सौंपने को कहा है। शिकायत में सरकारी विभागों, डीलर संघों के पत्र, मीडिया रिपोर्ट्स और वीडियो के सबूत भी शामिल हैं, जो कथित जबरन बिक्री को दर्शाते हैं। यह जांच प्रारंभिक है और अंतिम निर्णय बाद में होगा।

## श्रीजी शिपिंग का 411 करोड़ रुपये का आईपीओ लॉन्च

**नई दिल्ली ।** श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लिमिटेड ने अपने 411 करोड़ रुपये के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 240 से 252 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह आईपीओ 19 अगस्त से 21 अगस्त तक निवेशकों के लिए खुला रहेगा, जबकि एंकर निवेशक 18 अगस्त को बोली लगा सकेंगे। कंपनी पोत परिवहन और लॉजिस्टिक सेवाएं प्रदान करती है। इस आईपीओ के तहत कुल 1.63 करोड़ इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे, जिसमें कोई बिक्री पेशकशशामिल नहीं है। यदि बोली मूल्य के ऊपरी स्तर पर बंद होता है, तो कंपनी को इससे लगभग 411 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है।

## राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के तहत बकाया सब्सिडी जल्द मिलेगी

**- 200 करोड़ से अधिक की लंबित सब्सिडी भुगतान की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की तैयारी**

**नई दिल्ली ।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के तहत अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन परियोजनाओं के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक की लंबित सब्सिडी भुगतान की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की तैयारी कर रहा है। इस सब्सिडी वितरण में पिछले कुछ समय से देरी चल रही थी, जिसका मुख्य कारण पहले के सख्त नियम थे। पिछले नियमों के अनुसार, संयंत्रों को लगातार तीन महीने तक 80 प्रतिशत क्षमता से काम करना जरूरी था। यह शर्त कई परियोजनाओं के लिए कठिन साबित हुई क्योंकि बिना उचित खरीद व्यवस्था के संयंत्र अपनी पूरी क्षमता पर नहीं चल पाए। वे आमतौर पर 60 से 70 प्रतिशत क्षमता पर ही संचालित होते रहे। मंत्रालय ने इस समस्या को समझते हुए 27 जून को दिशानिर्देशों में संशोधन किया। नए नियमों के तहत टिकाऊ उत्पादन के बजाय संयंत्र की क्षमता और कुशलता के आधार पर सब्सिडी प्रदान की जाएगी। अब एक दिन के निरीक्षण के आधार पर भी सब्सिडी जारी की जा सकेगी। इससे निवेशकों को राहत मिलेगी और सब्सिडी वितरण की प्रक्रिया तेज होगी। अधिकारीयों ने बताया कि अब सब्सिडी वितरण फिर से शुरू हो गया है और कुछ महीनों में लगभग 200 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान कर दिया जाएगा। बायोमास पेलेट डेवलपर्स ने बताया कि मॉनसून के दौरान संयंत्र को पूरी क्षमता से चलाना मुश्किल होता है, इसलिए निरीक्षण मॉनसून के बाद किया जाएगा। निरीक्षण के बाद भुगतान में लगभग एक महीने का समय लगेगा। यह बदलाव न केवल अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि निवेशकों का भरोसा भी बढ़ाएगा, जिससे देश में स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 746 , निफ्टी 221 अंक ऊपर आया**

मुंबई ।

टैरिफ के डर से निकलकर भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही विदेशी पूंजी निवेश के साथ ही तेल, ऑटो और बैंकिंग शेयरों में भारी खरीदारी से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 746.29 अंक करीब 0.93 फीसदी बढ़कर 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 221.75 अंक तकरीबन 0.91 फीसदी की बढ़त के साथ ही 24,585.05 पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक फीसदी की तेजी रही।

आज सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, इटर्नल, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर लाभ में रहे। दूसरी ओर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारती एयरटेल और मारुति के शेयरों में गिरावट रही। बाजार में पिछले तीन महीने के बाद निचले स्तर से उबरा है जिससे निवेशकों को राहत



मिली है। निवेशक इस सप्ताह होने वाले अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन को लेकर भी उत्साहित हैं और उनका मानना है कि इससे तनाव में तेजी का सकती है। आज एशियाई बाजारों में, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग ऊपर आया जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ।

जापान में छुट्टी के कारण बाजार बंद रहे। यूरोपीय बाजारों में अधिकतर गिरावट रही जबकि शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई, जिसमें पीएसयू बैंक शेयरों की तेजी ने खास भूमिका निभाई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 122 अंक की बढ़त के साथ 79,980 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 42 अंक की मजबूती के साथ 24,405 पर कारोबार कर रहा था। अमेरिकी बाजारों में टेक स्टॉक्स में तेजी रही, जबकि एशियाई बाजार भी सकारात्मक रुख के साथ खुले।

# देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने तत्काल भूमि सुधार जरूरी: सीआईआई

**- भारत में संपत्ति पंजीकरण की प्रक्रिया जटिल और महंगी**

नई दिल्ली ।


भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने 2047 तक भारत को एक अग्रणी मैन्युफैक्चरिंग और निवेश केंद्र बनाने के लिए बड़े और तत्काल भूमि सुधारों की जरूरत पर बल दिया है। सीआईआई ने कहा कि जबकि देश ने कई क्षेत्रों में तेजी से सुधार किए हैं, भूमि संबंधित चुनौतियां औद्योगिक विकास में बाधा उत्पन्न कर रही हैं और निवेशकों को हतोत्साहित कर रही हैं।

सीआईआई के अनुसार, भारत का मजबूत नीतिगत ढांचा, विशाल घरेलू बाजार, युवा कार्यबल और औद्योगिक क्षमता इसे वैश्विक निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाते हैं। हालांकि, इन अवसरों का पूर्ण लाभ उठाने के लिए भूमि सुधार आवश्यक हैं। सीआईआई ने सुझाव दिया है कि केंद्र और राज्यों के बीच भूमि नीति के समन्वय के लिए जीएसटी जैसी परिषद बनाई जाए, क्योंकि भूमि प्रशासन राज्य के अधिकार क्षेत्र में आता है। औद्योगिक भूमि बैंक को केवल सूचना टूल से अपग्रेड कर एक डिजिटल राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म बनाना चाहिए, जो सीधे डिजिटल माध्यम से भूमि आवंटन करे। भारत में संपत्ति पंजीकरण की प्रक्रिया जटिल और महंगी है।

इसमें नौ प्रक्रियाएं शामिल हैं, 58 दिन लगते हैं और लागत लगभग 8 फीसदी होती है, जबकि न्यूजीलैंड जैसे देशों में यह प्रक्रिया केवल 3.5 दिनों में पूरी हो जाती है। सीआईआई ने प्रत्येक राज्य में आवंटन, बदलाव, विवाद समाधान और जोनिंग के लिए एकीकृत भूमि प्राधिकरण स्थापित करने की भी सिफारिश की है। इसके अलावा, भूमि उपयोग बदलाव को डिजिटल बनाने, स्टाम्प शुल्क को सभी राज्यों में 3-5 प्रतिशत तक युक्तिसंगत करने और भूमि विवादों को कम करने के लिए निर्णायक भूमि स्वामित्व बदलाव की जरूरत पर जोर दिया गया है। सीआईआई ने कहा कि भूमि विवादों के कारण निवेशकों को अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है, जिसे कम करना जरूरी है। सीआईआई का मानना है कि इन सुधारों से भारत 2047 तक वैश्विक औद्योगिक और निवेश केंद्र के रूप में स्थापित हो सकता है।

## टाटा समूह के शीर्ष अधिकारियों के वेतन में औसतन 19 फीसदी वृद्धि


**नई दिल्ली ।** वित्त वर्ष 2025 में टाटा समूह की विभिन्न कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के वेतन में औसतन 19.2 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। समूह की वार्षिक रिपोर्ट्स से यह साफ होता है कि वेतन वृद्धि मुख्य रूप से कंपनियों के बेहतर मुनाफे, प्रदर्शन आधारित बोनस, और रणनीतिक जिम्मेदारियों के विस्तार के कारण हुई है। उपभोक्ता उत्पाद, आतिथ्य और तकनीक क्षेत्र की कंपनियों में वेतन वृद्धि सबसे अधिक रही। ट्रेंट के एमडी का वेतन लगभग दोगुना होकर 13.5 करोड़ हो गया, जबकि टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के सीईओ का वेतन 28.4 फीसदी बढ़कर 13 करोड़ हुआ। इंडियन होटल्स के एमडी पुनीत चटवाल का वेतन 19.2 फीसदी बढ़कर 23 करोड़ पर पहुंच गया। तेजस नेटवर्क्स के सीईओ का वेतन सबसे अधिक 343 फीसदी की वृद्धि के साथ 16.8 करोड़ हो गया। हालांकि कंपनी ने स्पष्ट किया कि पिछले वर्ष के आंकड़ों में वैरिएबल वेतन शामिल नहीं था। आईटी सेक्टर में, टीसीएस के सीईओ का वेतन मात्र 4.6 फीसदी बढ़कर 26.5 करोड़ हुआ, जबकि टाटा स्टील के एमडी का वेतन 0.9 फीसदी घटकर 17.3 करोड़ रहा। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि टाटा समूह में वेतन वृद्धि, क्षेत्रीय प्रदर्शन और नेतृत्व की जिम्मेदारियों के अनुरूप तय की जा रही है। नोएल टाटा की टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन के रूप में नियुक्ति से नेतृत्व स्तर पर बड़ा बदलाव भी देखने को मिला है।



# निशानची से डेब्यू करने जा रहे ऐश्वर्य ने ली बाबिल खान की जगह

बॉलीवुड में नए चेहरों का आना कोई नई बात नहीं, लेकिन अगर किसी की पहली फिल्म रिलीज भी न हुई हो और वो एक और बड़ी फिल्म साइन कर ले, तो जाहिर है कि वो चेहरा खास है। हालांकि अभी इसे लेकर सिर्फ एक बज बना हुआ है कि ऐश्वर्य ठाकरे, जो जल्द ही अनुराग कश्यप की फिल्म 'निशानची' से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं उन्हें एक और बड़ी फिल्म मिल गई है। खास बात ये है कि वो फिल्म की इसलिए चर्चाओं में हैं क्योंकि उसमें पहले दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान को कास्ट किया गया था। जिस फिल्म के बारे में हम बात कर रहे हैं वो है तेलुगु सुपरहिट फिल्म 'बेबी' का हिंदी रीमेक। इस फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बज बना हुआ है कि इसमें अब बाबिल खान की जगह ऐश्वर्य ठाकरे को कास्ट कर लिया गया है।


## बाबिल खान ने क्यों छोड़ी फिल्म?



फिल्म 'बेबी' के हिंदी रीमेक की घोषणा के समय खबरें थीं कि बाबिल खान इसमें मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। उनके फैंस इस खबर से काफी उत्साहित थे। लेकिन अचानक यह खबर आई कि बाबिल अब इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। इसके पीछे की वजह एक इमोशनल वायरल वीडियो को बताया गया, जिसमें बाबिल ने अपने संघर्ष और मानसिक स्थिति को लेकर बात की थी। इस वीडियो के बाद उनकी निर्देशक के साथ बातचीत बिगड़ गई और दोनों के बीच प्रोफेशनल असहमति की बात सामने आई।

## एक्टिंग से ब्रेक पर हैं बाबिल?

बाबिल खान की अब तक की फिल्में जैसे काला और द रेलवे मैन में उन्हें सराहना जरूर मिली है, लेकिन वह अभी भी अपनी पहचान को पुख्ता करने की कोशिश में हैं। ऐसे में किसी चर्चित फिल्म से बाहर होना उनके करियर के लिए झटका माना जा सकता है। कुछ सूत्रों का कहना है कि बाबिल एक छोटे ब्रेक पर हैं और जल्द ही किसी नई फिल्म के साथ वापसी करेंगे।



# प्यार, कानून और धोखा, द ट्रायल के सीजन 2 के साथ फिर लौटीं काजोल

काजोल एक बार फिर अपने पुराने रूप में वापसी कर रही हैं, लेकिन इस बार पहले से कहीं ज्यादा सख्त और मजबूत इरादों के साथ। 'द ट्रायल' के पहले सीजन में जब उन्होंने नोयोनिका सेनगुप्ता की भूमिका निभाई थी, तो दर्शकों ने उनकी खूब तारीफ की थी। अब इस बेहद चर्चित कोर्टरूम ड्रामा का सीजन 2 तैयार है और काजोल उसी किरदार में लौट रही हैं, जिसने उनके ओटीटी करियर को शानदार दिशा दी थी।

## काजोल ने अनोखे ढंग से किया ऐलान

हाल ही में जब ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार ने सीजन 2 की घोषणा की, तो उसका तरीका भी बेहद खास था। वीडियो में काजोल गुस्से में नजर आती हैं और कहती हैं कि मैं तो लगातार काम कर रही हूं, फिर कितनी बार कमबैक करूंगी? लेकिन जब उन्हें क्यू कार्ड पलटने को कहा जाता है, तो उस पर लिखा होता है — मैं एक बार फिर द ट्रायल सीजन 2 के साथ लौट रही हूं। अभिनेत्री के इस वीडियो को देखने के बाद दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई। खासकर जब इस सीजन की टैगलाइन सामने आई और वो है प्यार, कानून और धोखा। इससे साफ हो गया कि इस बार कहानी और भी गहरी और टकराव और भी तीखा होने वाला है।

'द ट्रायल सीजन 2' को 19 सितंबर 2025 से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जाएगा। पहले सीजन की तरह ही, इस बार भी कहानी कोर्टरूम और निजी जीवन के टकराव के इर्द-गिर्द घूमेगी। लेकिन सूत्रों की मानें तो इस बार नोयोनिका का किरदार और भी ग्रे और रियलिस्टिक होगा। जहां पहले वो अपने परिवार के लिए मजबूरी में कोर्ट लौटी थीं, वहीं अब वो एक पेशेवर और महिला के तौर पर खुद के लिए न्याय चाहती हैं। कहानी में इस बार सिर्फ रिश्तों की नहीं, बल्कि खुद से जंग की भी परतें खुलने वाली हैं।



# दिलजीत दोसांझ की सरदार जी 3 की रिलीज पर वाणी कपूर ने रखी राय

पाकिस्तानी कलाकार फवाद खान के साथ वाणी कपूर की फिल्म अबीर गुलाल इस साल पहलगाम हमले की वजह से रिलीज नहीं हो सकी। इस मामले के बाद दिलजीत दोसांझ की फिल्म सरदार जी 3, जिसमें पाकिस्तानी कलाकार हानिया आमिर भी हैं को विदेशों में रिलीज किया गया। फिल्म की रिलीज पर काफी हंगामा हुआ। इसके बहिष्कार की मांग की गई। हाल ही में एक बातचीत में वाणी कपूर ने सरदार जी 3 का बचाव किया है। वाणी कपूर ने कहा मुझे याद है कि यह फिल्म पहलगाम हमले से पहले शूट की गई थी। ऐसे में मुझे लगता है कि अगर फिल्म रिलीज नहीं होगी तो निर्माता के पैसे फंस जाएंगे। मुझे लगता है कि इस फिल्म को बनाने में 100 से ज्यादा लोग लगे थे। जब फिल्म की शूटिंग हो रही थी तब हालात दूसरे थे।

दिलजीत वैश्विक स्टार हैं वाणी कपूर ने आगे कहा मुझे नहीं लगता कि उनका मकसद देश की बेहुरमती करना था। वह एक वैश्विक स्टार हैं। उन्हें विश्व स्तर पर देखा जाता है। उन्हें जो ठीक लगा उन्होंने वैसा काम किया। मुझे लगता है कि इससे कोई भी कानून नहीं टूटा है।

## मुश्किलों में फंसी थी अबीर गुलाल

आपको बता दें कि इसी साल अप्रैल में फवाद खान और वाणी कपूर की फिल्म अबीर गुलाल मुश्किलों में फंस गई थी। इस फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार फवाद खान ने अभिनय किया था। यह फिल्म कश्मीर के पहलगाम में हमले के बाद विवादों में आई थी। लोगों का कहना था कि इस फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार ने काम किया है और पाकिस्तानी आतंकियों ने ही पहलगाम में हमले को अंजाम दिया था। पाकिस्तानी हमले में कई पर्यटक मारे गए थे।

# अमृता प्रीतम की बायोपिक करना सम्मान की बात होगी



बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या दत्ता बीते 31 साल से हिंदी फिल्मों में काम कर रही हैं। इसके अलावा वो पंजाबी, उर्दू, तमिल, मलयालम और अंग्रेजी सिनेमा में भी काम कर चुकी हैं। अब दिव्या फिल्म 'माया सभा' से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। बातचीत में उन्होंने अपने किरदार, इंडस्ट्री के अनुभव और फिल्मी सफर के बारे में बात की। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा।

## तेलुगु में डेब्यू करने के लिए फिल्म 'माया सभा' को ही क्यों चुना?

मुझे लगा कि शुरुआत करने के लिए ऐसा प्रोजेक्ट होना चाहिए, जिसमें वजन हो। यह एक पॉलिटिकल ड्रामा है, पीरियड सेटअप में बनी हुई एक फिक्शनल स्टोरी है। हर किरदार की अपनी अहमियत है और मेरा किरदार भी बहुत खास है। ऐसा किरदार, जो बिना शोर मचाए खेल पलट सकता है।

## वो समय कब आया, जब आपने तय किया कि अब सिर्फ वही काम करेंगे, जो दिल कहे?

आजा नचले के बाद मैंने एक साथ कई फिल्में साइन कर ली थीं। तभी आदित्य चोपड़ा से बात हुई। उन्होंने कहा, तुम बहुत अच्छी एक्टर हो, मशीन मत बनो। वो बात दिल को छू गई। मैंने खुद से सवाल किया.. क्या मैं सिर्फ डेट्स भर रही हूं या कहानियां जी रही हूं? उसके बाद मैंने कई फिल्में छोड़ीं और फिर दिल्ली-6 जैसी फिल्में आईं, जो मुझे बहुत करीब लगीं।

## क्या कभी इंडस्ट्री में हीरोइन टाइप लुक का दवाब महसूस किया?

नहीं, कभी ऐसा नहीं लगा। करियर की शुरुआत में हीरो के साथ गाने भी किए हैं, रोमांस भी किया है, लेकिन फिर मुझे ट्रेन टू पाकिस्तान जैसी फिल्में मिलीं और श्याम बेनेगल जैसे निर्देशकों के साथ काम मिला। मैंने खुद वो रास्ता चुना जो अलग था और मुझे अच्छा भी लगा। मुझे हमेशा अलग कहानियां ही पसंद आई हैं।

## अगर किसी की बायोपिक करनी हो तो किसे चुनेंगी?

अमृता प्रीतम। उनकी लेखनी, उनकी भावनाएं और उनकी बेबाकी ने मुझे हमेशा गहराई से प्रभावित किया है। वो सिर्फ कवयित्री नहीं थीं, वो एक सोच थीं, एक क्रांति थीं। उनका किरदार निभाना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।



# ऐश्वर्या से तलाक के बाद मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं धनुष?



सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा रहा है, जिसमें धनुष एक पार्टी में मृणाल ठाकुर का हाथ थामे बातों में मशगूल हैं। वीडियो को देख उनके अफेयर की चर्चा शुरू हो गई है। धनुष का 2024 में ही पत्नी से तलाक हुआ। एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं।


एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।

## धनुष की फिल्म की पार्टी में नजर आई थीं मृणाल ठाकुर

इससे पहले 3 जुलाई को मृणाल ठाकुर, धनुष की फिल्म तेरे इश्क में की पार्टी में नजर आई थीं, जिसे राइटर और प्रोड्यूसर कनिका ढिल्लन ने रखा था। कनिका ने बाद में कुछ तस्वीरें शेयर की की थीं, जिनमें वह, मृणाल ठाकुर और धनुष साथ में पोज देते नजर आए थे। हालांकि, अभी तक धनुष या मृणाल ठाकुर, दोनों में से किसी ने भी अफेयर की खबरों पर रिएक्ट नहीं किया है।

## मृणाल ठाकुर का इन एक्टर्स संग जुड़ा नाम, धनुष का हो चुका तलाक


जहां मृणाल ठाकुर अनमैरिड और सिंगल हैं, पर उनका नाम कई एक्टर्स के साथ जोड़ा गया। इनमें बादशाह से लेकर सिद्धांत चतुर्वेदी, कुशाल टंडन, अर्जित तनेजा और शरद त्रिपाठी का नाम शामिल है। वहीं धनुष ने रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या से शादी की थी। लेकिन 18 साल की शादी के बाद धनुष और ऐश्वर्या ने साल 2022 में अलग होने का ऐलान कर दिया था। इसके बाद अप्रैल 2024 में धनुष और ऐश्वर्या का तलाक हो गया था।



# अपनी एक्टिंग जर्नी पर बोले संग्राम

**हाल ही में रेसलर संग्राम सिंह ने अमर उजाला डिजिटल से अपनी पर्सनल, प्रोफेशनल जिंदगी को लेकर लंबी बातचीत की। आखिर रेसलिंग से उनका फिल्मी और टीवी की दुनिया की तरफ कैसे आना हुआ? वह रेसलिंग से जुड़ी एक फिल्म का हिस्सा बने थे, उसका आखिर क्या हुआ? अपने करियर से जुड़ी और भी कई बातें संग्राम सिंह ने साझा की हैं।**

संग्राम सिंह टीवी की दुनिया में शामिल होने के अपने शुरुआती दिनों के बारे में बताते हैं। वह कहते हैं, 'मैं रेसलिंग से होते हुए टीवी और फिल्मों की दुनिया में आया। शुरुआत में लोग मुझे सिर्फ मजाक उड़ाने वाला लड़का मानते थे। लेकिन धीरे-धीरे जब मेरा काम दिखने लगा तो वही लोग सराहने लगे। मैं उस वक्त साउथ अफ्रीका से प्रो रेसलिंग की ट्रेनिंग लेकर लौटा। कुछ वक्त के बाद 'बिग बॉस' रियलिटी शो में पहुंचा, जहां देश के नामी लोग थे। उस मंच पर सलमान खान ने मेरे स्ट्रगल का जिक्र किया, वो मोमेंट मेरे लिए एक टर्निंग प्वाइंट था।'



## मैं सिर्फ सच्चाई के साथ खड़ा होता हूं

संग्राम सिंह ने कुछ वक्त में ही अपने लिए टीवी की दुनिया में पहचान बना ली थी, इसकी वजह उनकी सच्चाई थी। वह कहते हैं, 'सर्वाइवर शो में जब लोगों से पूछा गया कि लीडर कौन हो सकता है? तो सबने मेरा नाम लिया। मैं कभी भेदभाव नहीं करता हूं। हमेशा सच्चाई के साथ खड़ा रहता हूं। उसी शो में पायल से मुलाकात हुई, जिसने मेरे स्ट्रगल के पीछे की सच्चाई को पहचाना।'

## फिल्म नहीं बनी लेकिन मेरा भरोसा बना रहा

संग्राम सिंह ने रियलिटी शो के बाद एक फिल्म पर काम करना शुरू किया, जो बन नहीं सकी। इस अनुभव पर वह कहते हैं, 'मेरी जिंदगी में श्याम बाबू एक मिरकल की तरह आए। कोई जान-पहचान वाला था, जिसने कहा कि एक फिल्म बन रही है। इंडिया के पहले रेसलर पर और तुम्हें बात करनी चाहिए। मुझे उस वक्त तक कुछ भी अंदाजा नहीं था, न सिनेमा के मायने, न कैमरे के सामने खड़े होने की समझ। मैं उस फिल्म के लिए इंडिया का पहला ब्रांड एंबेसडर और स्पीकर बना। फैमिली वेलफेयर से लेकर एंटरटेनमेंट तक की बात उस एक मीटिंग में हुई। लेकिन श्याम बाबू ने मुझसे एक वादा लिया कि मैं अगले कुछ साल सिर्फ इस प्रोजेक्ट पर फोकस करूंगा और कोई दूसरा काम नहीं करूंगा। मैंने हां कर दिया और वहीं से एक नई शुरुआत हुई।

## तीन साल की मेहनत, सेविंग्स, उम्मीद...सब खत्म हो गया

संग्राम सिंह आगे बताते हैं, 'नितिन देसाई जी प्रोजेक्ट से जुड़ गए, एक बड़ी टीम तैयार होने लगी, फिल्म अनाउंस हो गई, नाम आने लगे, न्यूज में मेरी चर्चा होने लगी। लेकिन फिर किसी कारण से वो फिल्म रुक गई। कोई और होता तो टूट जाता, लेकिन मेरे पास टूटने का विकल्प कभी था ही नहीं। तीन साल तक कोई कमाई नहीं हुई। मैं हर रोज अपनी सेविंग्स से ही जिंदगी चला रहा था और खाली समय में मराठी, अभिनय और टेक्निकल चीजें सीखनी शुरू कर दीं। मुझे यह तक नहीं पता था कि कैमरे की लाइट कैसी होती है या डायलॉग कैसे बोलते हैं। लेकिन मैं सीखने में लगा, क्योंकि मुझे खुद पर भरोसा था। तीन साल की मेहनत, सेविंग्स, उम्मीद...सब खत्म हो गया था। लेकिन मैंने हिम्मत नहीं छोड़ी।

## सिर्फ वो फिल्म करता हूं जो आत्मा से जुड़ती है

आगे भी संग्राम सिंह को फिल्म ऑफर होती हैं, उन्हें किस आधार पर सेलेक्ट करते हैं? यह पूछने पर वह कहते हैं, 'जब फिल्म नहीं बनी तो मैंने एक गाना किया। आगे भी प्रोजेक्ट्स आए, फिर रुके, फिर लौटे। एक फिल्म करने वाले थे, सुपरस्टार के साथ कुश्ती का सीन था। मैंने मना कर दिया क्योंकि अब मैं समझ चुका था कि सिनेमा सिर्फ शोहरत नहीं है, जिम्मेदारी है। कुछ लोग तो आए जिन्होंने 30-50 लाख देने की बात कही। लेकिन मैं सोचता था, अगर कहानी में जान नहीं है, तो पैसा किस काम का? मैं वो फिल्में करना चाहता था जो जिंदगी बदलें, कम से कम किसी एक की।' अब जब लोग स्क्रिप्ट लाते हैं, तो मैं सबसे पहले ये सोचता हूं कि क्या मैं इस कहानी में अपना सच देखता हूं? क्या ये मेरी आत्मा से मेल खाती है? अगर हां, तो मैं सब कुछ छोड़कर वो करता हूं। वरना मैं गर्मियों में उन लोगों को पानी पिलाता हूं, सर्दियों में रस और चुपचाप अलविदा कह देता हूं।'

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in